वर्ष- 21 अंक - 208 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 11 जनवरी 2026

## अमेरिकी वेपन से होने लगी खून की उल्टियां, नाक से बहने लगा खून

रविवार ● एजेंसी

वेनेजुएला की जमीं पर उतरकर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को किडनैप करते समय अमेरिका ने ऐसे मिस्ट्री वेपन (हथियार) का इस्तेमाल किया जिससे वेनेजुएला के सुरक्षाकर्मियों के होश उड़ गए। इन सुरक्षाकर्मियों को खून की उल्टियां होने लगी तो नाक से खून बहने लगा। देखते ही देखते इस हथियार से कई सैनिकों का काम तमाम हो गया। मादुरो की सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षाकर्मी ने बताया कि अमेरिकी सैनिकों के पास खतरनाक हथियार थे, जिनके कारण हमारे रडार सिस्टम बंद हो गए। हमारे ऊपर बहुत सारे ड्रोन मंडरा रहे थे। हेलिकॉप्टर्स से करीब 20 अमेरिकी सैनिक उतरे। उसके बाद कत्लेआम-सा मच गया। ऐसा लग रहा था कि उनका हर सैनिक एक मिनट में 300 राउंड फायरिंग कर रहा था। अमेरिकी सैनिकों ने अचानक ऐसा हमला किया जिससे हमारी नाक से खून निकलने लगा। हमारे सैनिकों को खून की उल्टियां होने लगी और हमारे सैनिक जमीन पर गिर पड़े।



मोदी ने देखा नजारा...



## आकाश में दिखी सोमनाथ मंदिर, शिवलिंग और ब्रह्मांड की भव्य तस्वीर

**सोमनाथ.एजेंसी।** गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में स्वभिमान पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। 10 जनवरी की शाम को इस मंदिर परिसर में ड्रोन शो हुआ, जिसमें 3 हजार ड्रोन शामिल हुए। मोदी ने खुद अपने एक्स अकाउंट पर ड्रोन शो की तस्वीरें शेयर की हैं, जो काफी भव्य हैं। तस्वीरों में ड्रोन की मदद से सोमनाथ मंदिर, शिवलिंग और ब्रह्मांड की इमेज तैयार की गई। मोदी ने पोस्ट में लिखा, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के सुअवसर पर सोमनाथ मंदिर परिसर में भव्यता और दिव्यता से भरा ड्रोन शो देखने का सौभाग्य मिला। इस शो में हमारी प्राचीन आस्था के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी का तालमेल हर किसी को मंत्रमुग्ध कर गया।

## शौर्य यात्रा में मोदी ने बजाया डमरू

**सोमनाथ.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात दौरे के दूसरे दिन आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत आयोजित शौर्य यात्रा में हिस्सा लिया। इस यात्रा में मोदी ने डमरू बजाया। इस शौर्य यात्रा का आयोजन उन वीरों को सम्मान देने के लिए किया गया है जिन्होंने सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा भी की। मोदी आज और कल भी गुजरात में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## सीरिया में फिर अमेरिका का बड़ा हमला

**दमिश्क.एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने सीरिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर जबरदस्त प्रहार किया है। यह कार्रवाई दिसंबर में मारे गए सैनिकों के बदले के रूप में की गई है। इस हमले में आतंकी संगठन आईएसआईएस के कई ठिकाने तबाह हो गए।

## कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा 4 लोगों की मौत

**बख्तियारपुर.एजेंसी।** बिहार के बख्तियारपुर में कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। घने कोहरे की वजह से कई वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## एसआई पत्नी को पसंद नहीं धोती-कुर्ता, मांगा तलाक

**भोपाल.एजेंसी।** भोपाल में पति और पत्नी का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां पति ने दिन रात पंडिताई करके पत्नी को सब इंस्पेक्टर बनाया। मगर सब इंस्पेक्टर बनते ही पत्नी को अपने पति से शर्मिंदगी होने लगी, क्योंकि उसका पति पंडिताई करता है और धोती-कुर्ता पहननता है। ऐसे में पत्नी ने फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए आवेदन किया है।

## ईरान में खूनखराबा

### अस्पतालों में लाशों का ढेर, 100 शहर धुआं-धुआं, 25 मस्जिद जलाईं, 26 बैंक लूटे

*लड़ाई में कूदने को तैयार अमेरिका*



**तेहरान.एजेंसी।** ईरान में गिरती करेंसी को लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन 100 शहरों तक फैल चुका है और यहां खूनखराबा भी बढ़ रहा है। अस्पतालों में लाशों का ढेर लग रहा है। प्रदर्शन के दौरान 25 मस्जिदें फूंक डाली और 26 बैंक भी लूट लिए। अब तक 78 मौतों की पुष्टि हुई है, लेकिन अपुष्ट खबरों के मुताबिक सैकड़ों लोग मारे गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर कहा कि ईरान में आजादी के लिए हम मदद को तैयार हैं। यह भी अटकलें लग रही हैं कि ट्रंप भी ईरान में अपनी सेना भेज सकते हैं।

## एक्स ने अश्लील कंटेंट मामले में मानी गलती

**बोला- भारतीय कानून का करेंगे पालन, 600 अकाउंट बंद**

**रविवार.एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पुराना नाम ट्विटर) ने कंटेंट को लेकर गलती मानी है और भारत के कानून के हिसाब से काम करने का वादा किया है। दरअसल, एक्स प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर केंद्र सरकार ने संज्ञान लिया था, जिसके बाद एक्स प्लेटफॉर्म ने उनपर एक्शन लिया और उनको ब्लॉक किया है। एक्स ने 3,500 पोस्ट ब्लॉक किए हैं और 600 अकाउंट डिलीट कर दिए हैं। एक्स अपने प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक कंटेंट को अनुमति नहीं देगा और सरकारी दिशा-निर्देशों पर काम करेगा।

## नींव की खुदाई में मिला खजाना

**बेंगलुरू.एजेंसी।** कर्नाटक के गडग के लक्कुंडी गांव में घर की नींव की खुदाई के दौरान जमीन के नीचे दबा एक तांबे का बर्तन मिला, जिसमें 470 ग्राम सोने के 22 जेवरात मिले। मजदूरों ने जैसे ही मिट्टी हटाई तो बर्तन दिखाई दिया। खोलकर देखा तो हार, झुमके और अन्य कीमती गहने निकले।

## क्रिकेट मैच के दौरान दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी, कई घायल-9 गिरफ्तार

**नूंह.एजेंसी।** हरियाणा के नूंह जिले के महू चोपड़ा गांव में क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो समूहों के बीच पत्थरबाजी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 66 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामलों में नामजद किया गया है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब गांव के निवासियों द्वारा खेली जा रही क्रिकेट मैच की गेंद पास के एक खेत में चली गई। इससे विवाद बढ़ गया और बस स्टैंड के पास दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। गिरफ्तार किए गए लोग हैं साजिद, जनरल, नसीम, शाद, वसीम, अंसार, राशिद, तौफीक और खालिद।



## लश्कर आतंकी ने खोली मुनीर की पोल

### पाकिस्तान की सेना मुझे न्योता देती है

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान में वहां की सरकार और सेना किस तरह आतंकियों को पनाह देती है, अब इसका खुलासा खुद लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर ने कर दिया है। ग्लोबल टैररिस्ट हाफिज सईद का करीबी और लश्कर के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी ने कबूल किया है कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों की मदद करती है। कसूरी ने कबूल किया कि पाकिस्तान की सेना हर दिन उनके लोगों को अपने कार्यक्रमों में शामिल होने का न्योता देती है। कसूरी ने ये भी कहा कि पाकिस्तान की सेना उसे सैनिकों के जनाजे में नमाज पढ़ने के लिए भी बुलाती है। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड भी है।

## आज 1101 ट्रैक्टरों की रैली को सीएम दिखाएंगे हरी झंडी

**भोपाल.एजेंसी।** मध्यप्रदेश में खेती को फायदे का धंधा बनाने के लिए सरकार लंबे समय से प्रयासरत रही है। अब मोहन सरकार इस साल को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने जा रही है। आज भोपाल के जंबूरी मैदान पर सीएम डॉ. मोहन यादव कृषक कल्याण वर्ष 2026 की औपचारिक शुरुआत करेंगे और 1101 ट्रैक्टरों की रैली को हरी झंडी दिखाएंगे।

# भागीरथपुरा के लोगों को मिलेंगे स्वास्थ्य कार्ड, होगा स्वास्थ्य परीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भागीरथपुरा क्षेत्र सहित पूरे इंदौर की जल एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से क़ल रेसीडेंसी में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड, सुमित मिश्रा, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला एवं अधिकारी मौजूद थे। यह बताया गया कि भागीरथपुरा में स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है, स्थिति नियंत्रण में है, कोई भी गम्भीर मामला नहीं है फिर भी एहतियात के तौर पर भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार का स्वास्थ्य परीक्षण क़ा अभियान शुरू होगा, स्वास्थ्य दल तैनात रहेंगे, रहवासियों को स्वास्थ्य कार्ड भी दिए जाएंगे इससे कई जांच निशुल्क होगी। भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइप लाइन का कार्य



प्रगति पर है। लगभग 30 प्रतिशत क्षेत्र में पाइपलाइन डाली जा चुकी है और उसकी टेस्टिंग भी पूर्ण हो चुकी है। जल के सैंपल लेकर निरंतर जांच की जा रही है। पूरी तरह पीने योग्य होने की पुष्टि के बाद तीन दिन के भीतर नर्मदा का पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। भागीरथपुरा में 114 शासकीय एवं 80 से अधिक निजी ट्यूबवेल हैं। जल परीक्षण में पानी पीने योग्य नहीं पाए जाने पर सभी ट्यूबवेल में क्लोरीनेशन कराया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि ट्यूबवेल का पानी पीने में उपयोग न करें, केवल साफ-सफाई व अन्य घरेलू कार्यों में ही लें। भागीरथपुरा के 30 प्रतिशत क्षेत्र में जल्द ही नर्मदा जल सीधे उपलब्ध कराया जाएगा। अभी शेष 70 प्रतिशत क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध नर्मदा जल की आपूर्ति की जाएगी। टैंकर का पानी शुद्ध है, फिर भी नागरिकों को उबालकर पीने की सलाह दी गई है।

## शहरभर में पेयजल गुणवत्ता की सघन निगरानी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल रेसीडेंसी पर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में पेयजल की गुणवत्ता पर सतत एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली स्थापित की जाएगी। नगर निगम की सभी 105 जल टंकियों पर सुदृढ़ जल जांच व्यवस्था लागू होगी। प्रतिदिन विभिन्न स्थानों से सैंपल लेकर जांच की जाएगी, ताकि प्रदूषण की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके। जांच और गुणवत्ता की मॉनीटरिंग के लिये विशेष सेल भी बनाया जायेगा। अब शहर में नए बोरिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि नए बोरिंग में पेयजल से जुड़ी समस्याएं अधिक सामने आ रही हैं।

### नगर निगम में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति

बैठक में बताया गया कि नगर निगम में लंबे समय से रिक्त पदों को भरने के लिए अभियान चलाकर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके लिए डेपुटेशन एवं सीधी भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा एक विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए गए।

### अमृत योजना पर विशेष जोर

अमृत योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने इसके अंतर्गत लंबित एवं आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा कर तेजी से लागू करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए।

## भाजपाई अपना अतीत झांके -द्विवेदी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी कर कहा कि युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने जो तथ्यात्मक बयान दिया उस पर भाजपाई शब्दों की बाजीगरी कर रहे हैं। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को अपने अतीत में झांकना चाहिए। संघ के पदाधिकारियों ने जिन्ना को देशभक्त क्यों बताया था। जिन्ना की तस्वीर संघ के शिविर में किस कारण लगाई गई थी। जिन्ना की मजार पर कौन-कौन से भाजपा नेता गए थे, वहां सजदा किया था, मुस्लिम लीग के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का गठबंधन क्या बताता है, भाजपा के प्रधानमंत्री चाहे अटलजी हो या फिर मोदीजी इनकी पाकिस्तान यात्रा क्या कहती है। कांग्रेस के किसी प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान देश में यात्रा नहीं की, भाजपा के नेताओं तथा पद पर आसीन अटलजी, मोदीजी ने क्यों की। विधायक गोलू शुक्ला और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर बयान जारी किया पहले वे पुराने इतिहास जाने और फिर बयान दें। द्विवेदी ने यहां तक कहा कि पहले अपनी भाजपा के चरित्र को जाने फिर कांग्रेस पर टिका टिप्पणी करे। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने दी।

# बयान के बाद काली पट्टी बांधकर किया काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वाल्मीकि समाजजनों द्वारा सफाईकर्मियों के साथ मिलकर विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान का विरोध किया जा रहा है। वाल्मीकि समाज और निगम में यूनियन से जुड़े बाबूलाल सिरसिया, विवेक करोसिया, बालकिशन करोसिया, हरीश नागर, बबल वेद ने कहा कि सिंघार द्वारा इंदौर की स्वच्छता को लेकर दिए गए भ्रामक और अपमानजनक बयान से वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मियों में आक्रोश है। सफाई में नम्बर-1 का श्रेय सफाई कर्मियों की वर्षों की



मेहनत से हैं ना कि किसी राजनीतिक नेता की वजह से हैं। बयान के विरोध में सफाईकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर अपना नियमित कार्य किया और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन भी किया। सामाजिक और यूनियन के नेताओं ने कहा कि जब तक उमंग सिंघार सार्वजनिक रूप से सफाई कर्मियों से माफी नहीं मांगेंगे यह शांतिपूर्ण विरोध जारी रहेगा। वाल्मीकि समाज ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सफाई कर्मियों की गरिमा की रक्षा की जाए और इस विषय में उचित संज्ञान लिया जाए। सफाईकर्मी सुबह 6 बजे से लेकर शाम तक काम करते हैं और खासतौर से जब सर्वेक्षण चलता है, जब भूख, पानी कुछ भी नहीं देखते हैं, काम करते हैं और उस पर इस तरह का आरोप लगाना गलत है।



## अभी पुतला जला, आगे भी होगा आन्दोलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान को लेकर वाल्मीकि समाजजनों में आक्रोश है। वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मियों ने मिलकर कल राजवाड़ा पर नेताप्रतिपक्ष का पुतला जलाया और कहा कि फर्जी दस्तावेजों की बात करना गलत है इससे सफाई कर्मियों के आत्म सम्मान को चोट लगी है। उमंग सिंघार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। पूरा प्रदर्शन और पुतला दहन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया।

## जारवाल जिला मंत्री



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पद पर हेमराज जारवाल की नियुक्ति की गई। पवन राठौड़, सोनू सिसोदिया, बंटी सालवी, संतोष भावसार, कालू सिंह मकवाना, प्रहलाद रायपुर, जीतू यादव, बंटी यादव, कान्हा साहू एवं लकी देवरिया ने बधाई दी।

# निर्दोष लोगों की मौत ने झकझोर कर रख दिया-उदय भानु चिब

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भागीरथपुरा में दूषित जल आपूर्ति के कारण लोगों की मौत और लोगों के बीमार होने की घटना पूरी तरह प्रशासनिक विफलता का परिणाम है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दूषित पानी से हुई मौतों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार को ठोस और स्थायी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कई निर्दोष नागरिकों की मौत ने न केवल इंदौर, बल्कि पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना शासन-प्रशासन की घोर लापरवाही, संवेदनहीनता और जवाबदेही के पूर्ण अभाव का जीवंत उदाहरण है। भागीरथपुरा में वर्षों से पेयजल संकट, गंदे और दूषित पानी की आपूर्ति तथा नागरिकों



द्वारा बार-बार की गई शिकायतों के बावजूद प्रशासन की निरंतर अनदेखी ने हालात को इस हद तक पहुंचा दिया कि लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय न केवल प्रदेश के प्रभावशाली नेता हैं, बल्कि सत्ता और प्रशासन पर उनका प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभाव सर्वविदित है। इसके बावजूद भागीरथपुरा की भयावह स्थिति को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सत्ता पक्ष जनजीवन की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुका है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का मीडिया को लेकर दिए गए उनके आपत्तिजनक, धमकी भरे और अपमानजनक बयान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला हैं। युवक कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता और प्रदेश की जनता को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल की गारंटी नहीं दी जाती, तब तक यह संघर्ष पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा। यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता के जीवन, सम्मान और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। युवक कांग्रेस के प्रादेशिक, शहर जिला पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उक्त जानकारी अमित पटेल ने दी।

## जब मिले 2 ठाकुर... देश के सबसे युवा विधायक से ठाकुर की मुलाकात



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधायक उषा ठाकुर ने बिहार के अलीपुर की नवनिर्वाचित विधायक एवं गायिका मैथिली ठाकुर से मुलाकात की। उषा ठाकुर ने मैथिली को देश की सबसे युवा विधायक बनने पर बधाई दी। मैथिली महू में निजी कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंची थी।



## भाजपा सह मीडिया प्रभारी ने लिया परिचय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेंट्रल जिमखाना की मेजबानी में आयोजित अखिल भारतीय मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा के आयोजन में नेहरू स्टेडियम पहुंचकर भाजपा नगर सह मीडिया प्रभारी एडवोकेट नितिन शर्मा ने परिचय लिया। शर्मा का स्वागत भी किया गया और माला पहने-पहने ही खिलाड़ियों से परिचय लिया।











# कांग्रेसियों के पहले बड़ा गणपति पर पहुंची बड़ी संख्या में पुलिस

### न्याय यात्रा के लिए लगाए कांग्रेस ने पोस्टर, मृत बच्चे के फोटो के साथ मांगा न्याय, कांग्रेसियों का पहुंचना जारी, यात्रा में कुछ देरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भागीरथपुरा में हुई दूषित जल से कई लोगों की मृत्यु और बीमार हुए लोगों के मुद्दे पर कांग्रेस आज बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक न्याय पैदल यात्रा निकाल रही है। यात्रा के लिए कांग्रेसियों को सुबह 11 बजे पहुंचने के निर्देश दिए गए और बताया गया कि एकत्रीकरण के बाद दोपहर 12 बजे कांग्रेसियों का बड़ा समूह राजवाड़ा के लिए शांति पूर्वक न्याय यात्रा निकलेगा। यात्रा के लिए कांग्रेसी पहुंचते उसके पहले ही सुबह 8 बजे से पुलिसबल बड़ा गणपति, राजवाड़ा और बीच-बीच में कई जगह पुलिस भी नजर आई। राजवाड़ा पर मंच बनाया वहां



सभा भी होगी। पुलिस ने राजवाड़ा पर बेरिकेट्स भी लगा रखे हैं, इधर कांग्रेसियों ने बड़ा गणपति से लेकर राजवाड़ा तक जमकर पोस्टर लगाए हैं। मासूम की मृत्यु के बाद उसके चित्र भी कांग्रेसियों ने लगाकर उसके स्लोगन लिखे हैं, कांग्रेस ने अलग-अलग स्लोगन लिखे, जिसमें यह भी लिखा कि हादसा नहीं हत्या है। पांच थानों का पुलिस ने बल लगाने के साथ फायर ब्रिगेड और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अलावा थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी भी लगाए हैं। सूत्रों का कहना है कि 600 से अधिक पुलिसकर्मी बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक तैनात है। पुलिस ड्रोन, कैमरा, दूरबीन से निगाह रख रही है। वॉच टॉवर से भी निगाह हो रही है। इधर कांग्रेसी सूत्रों का कहना है कि अब किसी तरह का उग्र प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, हम तो शांति से यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेसियों के हाथों में स्लोगन वाली तख्तियां भी नजर आ रही है, जिसमें जनप्रतिनिधियों से इस्तीफे की मांग भी की जा रही है। कांग्रेसी जल्दी पहुंचे तो बड़े नेताओं का इंतजार किया जा रहा है। प्रदेश भर के कितने विधायक शामिल होंगे उस पर भी पुलिस और कांग्रेसियों को इंतजार है। दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, हरीश चौधरी, उषा नायडू, संजय दत्त, जीतू पटवारी, रवि जोशी, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, कई विधायक, पार्षद, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, यश घनघोरिया, अविनाश भार्गव, राजेश चौकसे, अमित पटेल, अमन बजाज, सोहराब पटेल, दीपू यादव, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, दौलत पटेल, कमलेश पाठक, श्याम यादव, हिमांशु यादव, सुनील यादव, राहुल निहोरे, प्रेम खडायता, गजेन्द्र वर्मा, अरविंद बागड़ी, घनश्याम जोशी, इम्तियाज बेलिम, धर्मेन्द्र गेंदर, अंकित दुबे, नीलेश सेन शेलू, सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, देवेन्द्र यादव, मुकेश ठाकुर, विकास जोशी, ठाकुर जितेन्द्र सिंह, सदाशिव यादव, मोहनसिंह चौहान, सुनील पाल, सुवेग राठी, नासिर खान, रफीक खान, मधुसूदन भलिका, नीतेश राजौरिया, वीजेन्द्रसिंह चौहान, राजेश जोशी, सरफराज अंसारी, सुदामा चौधरी, सलीम पठान खजराना, आफताब खान, सादिक खान, दानिश खान, अनवर दस्तक, जौहर मानपुरवाला, विक्रम सचान सहित अन्य पहुंच गए हैं।

# जगह-जगह आज हिन्दू सम्मेलन






### नृसिंह बाजार में निकली सम्मेलन यात्रा, छत्रीबाग, कर्बला मैदान में भी तैयारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जगह-जगह हिन्दू सम्मेलन के आयोजन आज रविवार को हो रहे हैं। आज सुबह कई जगह कार्यक्रम शुरू हुए, तो कई जगह दोपहर में शुरु होंगे और कुछ जगह शाम को भी होंगे। आज सुबह नृसिंह बाजार क्षेत्र से हिन्दू सम्मेलन को लेकर यात्रा निकाली गई। यात्रा में घोड़े-बग्घी रथ भी शामिल हुए। यह यात्रा लोधीपुरा की गलियों में घूमी, जहां रामरज बिछाया गया, लोधीपुरा की तीनों गलियों को केसरियामय किया गया है। नीमा धर्मशाला में समरसता भोज का आयोजन भी किया जा रहा है। वहीं छत्रीबाग में भी तैयारियां की जा रही है। कर्बला मैदान धोबीघाट पर भी हिन्दू सम्मेलन को लेकर केसरियामय माहौल है, गेट पर झंडे भी लगाए गए हैं। आज दर्जनों जगहों पर हिन्दू सम्मेलन के आयोजन हो रहे हैं।

# बैठक का आयोजन किया



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई घटना के चलते शहर कांग्रेस द्वारा न्याय यात्रा निकाली जा रही है। इसी मुद्दे पर कल विधानसभा 1 के सभी 17 वार्डो की बैठक राठौर धर्मशाला पंचकुइया में प्रभारी दीपू यादव ने आयोजित की। उषा नायडू, रवि जोशी, अश्विनी भार्गव, चिंटू चौकसे, सुनील यादव, विजेन्द्रसिंह चौहान, रफीक खान, अनवर दस्तक, सुनील गोधा, पवन जैन, योगेन्द्र मौर्य, शंकर नैनावा, शेखर गिरि, प्रेम वर्मा, विशाल जोशी, ठा. जितेन्द्रसिंह, जीतू पाटिल, राजेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# इन्दौर की कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का सवाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि इन्दौर में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, रिपोर्ट के मुताबिक विधानसभा एक के बाणगंगा थाना में 17 49 दर्ज हुए है, उससे लगता है कि इन्दौर में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं, यह भाजपा शासन की नीतिगत विफलता और लचर पुलिस कमिश्नरी का आईना है। चौरसिया ने यह भी कहा कि मंत्री के क्षेत्र में अपराध चरम पर हो, तो प्रदेश की कानून व्यवस्था की कल्पना ही की जा सकती है।महिलाओं में भय, व्यापारियों में असुरक्षा और आम नागरिकों में गहरी निराशा व्याप्त है।' सड़क पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार नहीं दे पा रही है। भागीरथपुरा में दूषित पानी से कई लोग मृत हो गए यह घटना भी इन्दौर में ही घटी। नैतिकता के नाते कैलाश विजयवर्गीय को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा बाणगंगा थाना में इतने अपराध पर चुप क्यों है?

# समाजवादी पार्टी ने किया विजयवर्गीय के कार्यालय का घेराव

### मंत्री के साथ महापौर का भी मांगा इस्तीफा, 1 करोड के मुआवजे के लिए हुई नारेबाजी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही लगातार मौतों के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने किला मैदान स्थित कैलाश विजयवर्गीय के कार्यालय का घेराव किया। सपा के प्रदर्शनकारी बडा गणपति पर एकत्रित हुए थे और वहां से जुलूस बनाकर जिंसी होते हुए लक्ष्मीबाई प्रतिमा पर एकत्रित हुए और फिर मंत्री के कार्यालय पहुंचे जहां नारेबाजी की। मंत्री के साथ महापौर का भी इस्तीफा मांगा गया। सपा के रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरुप मंत्री ने बताया कि भागीरथपुरा की घटना के पीछे क्षेत्रीय विधायक कैलाश विजयवर्गीय पूरी तरह जिम्मेदार है, उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए नगर निगम भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहा है इसलिए साथ में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला को भी इस्तीफा दे देना चाहिए। मृतकों को 1 करोड का मुआवजा शासन और नगर निगम देवे, जो घटना में बीमार हुए उन्हें भी मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन में रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरुप मंत्री, राजेन्द्र यादव, मोहम्मद अली सिद्दीकी, लालू यादव, लीलाधर चौधरी चंद्रसेन निमोंकर, कमलेश परमार,जीके यादव, अमन यादव, अजय यादव, दीपक पांचाल, मनोज हार्डिया, चंदन सिंह मकवाना, किरण गोरे, महेंद्र गौरे सहित अन्य मौजूद थे। कई नेताओं ने सम्बोधन भी दिया।

# पानी की लाइन जोड़ने के लिए राजमोहल्ला चौराहा पर किया गड्ढा

## लाइन जोड़ने का काम पूरा नहीं होने के कारण आज नहीं हुआ जलप्रदाय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा पानी की लाइन जोड़ने के लिए राज मोहल्ला चौराहे पर दो बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए हैं। यह लाइन जोड़ने का काम पूरा नहीं होने के कारण आज इस क्षेत्र में टंकी से जलप्रदाय नहीं किया जा सका।**



निगम के नर्मदा परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि राजमोहल्ला टंकी से राज मोहल्ला क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्र में जलप्रदाय किया जाता है। इस क्षेत्र में राजमोहल्ला चौराहे के पास में खराब चाय वाले पॉइंट पर पानी की लाइन को जोड़ने का काम किया जाना है। इस काम को करने के लिए निगम के द्वारा वहां पर दो बड़े-बड़े गड्ढे खुदवाए गए हैं। इस स्थान पर लाइन को जोड़ने का काम किया जा रहा था लेकिन यह काम आज सुबह तक पूरा नहीं हो सका। इस स्थिति के कारण आज सुबह इस क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं हो सका है। राज मोहल्ला की टंकी पर साढे 5 मीटर पानी भर गया था। इस पानी में से 2 मीटर पानी राज मोहल्ला को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में सप्लाई कर दिया गया है। इसके बाद में 3:30 मीटर पानी को रोक कर रखा गया है। जैसे ही राज मोहल्ला में लाइन को सुधारने का काम पूरा हो जाएगा वैसे ही उस लाइन वाले क्षेत्र में इस पानी का सप्लाई किया जाएगा। नगर निगम की जल समिति के प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि आज दोपहर तक यह काम पूरा हो जाने की उम्मीद है। जैसे ही काम पूरा होगा वैसे ही इस क्षेत्र में नागरिकों को पानी दिया जाएगा। पानी की अभी कहीं कोई समस्या नहीं है। निगम के द्वारा टंकी में भी अतिरिक्त रूप से पानी स्टोरेज करके रखा गया है। यह स्टोरेज किया गया पानी क्षेत्र के नागरिकों तक पहुंचाया जाएगा। ध्यान रहे की भागीरथपुरा का मामला होने के बाद से नगर निगम पानी की सप्लाई को ठीक करने और किसी भी हालत में गंदा पानी नहीं पहुंचे यह सुनिश्चित करने में अपनी ताकत लगा रहा है। अब किसी भी क्षेत्र में दूषित पानी का सप्लाई होने के कारण हालात नहीं बिगड़ने देना है। यही कारण है कि पानी से संबंधित किसी भी शिकायत पर नगर निगम की टीम के द्वारा बहुत त्वरित रूप से कार्रवाई की जा रही है।

## जहां ज्यादा समस्या है वहां पहले काम करों

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर नगर निगम के आयुक्त ने अपनी और ड्रेनेज का काम संभालने वाले अधिकारियों से कहा है कि जिस क्षेत्र में ज्यादा समस्या है वहां पर पहले काम कीजिए। हमें समस्या की स्थिति के आधार पर अपनी प्राथमिकता को निर्धारित करना है।

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा सिटी बस ऑफिस में जलप्रदाय एवं ड्रेनेज सीवरेज के संबंध मे समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए की जलप्रदाय की शिकायतों पर विशेष ध्यान देवें, जलप्रदाय एवं ड्रेनेज से संबंधित अधिकारी एवं यंत्री आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन एवं 311 एप तथा कंट्रोल रूम एवं जोनल कार्यालय पर प्राप्त शिकायतों की वार्ड वाइज समीक्षा की गई। जिसके अंतर्गत दूषित पानी, पानी का सप्लाई नहीं होना, ड्रेनेज चौक होना, चेंबर चौक होना आदि से संबंधित शिकायतों की वार्ड वाइज स्थिति समझी गई। आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जहां ज्यादा समस्या हो उसको चिह्नांकित करें और वहां प्राथमिकता से समस्या का निराकरण करें। जहां पर किसी भी कारण से जलप्रदाय नहीं हो रहा हो वहां पर जल वितरण की विशेष व्यवस्था करें। ड्रेनेज लाइन पर यदि अतिक्रमण हो तो संबंधित को सूचित करें। यदि संबंधित द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो अतिक्रमण हटाने के कार्यवाही प्राथमिकता से करें। अब इस तरह की शिकायतों की अनदेखी नहीं करना है। हमें हर शिकायत को गंभीरता से लेना है और उसके समाधान के लिए गंभीरता से ही प्रयास करना है।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड पर बनी डाक्यू-सीरिज का ट्रेलर रिलीज

## एक दिन में 85 लाख लोगों ने देखी 'हनीमून से हत्या' की झलक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजा रघुवंशी हत्याकांड पर आधारित डाक्यू-सीरिज हनीमून से हत्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरिज में राजा रघुवंशी हत्याकांड के अलावा अन्य चार चर्चित मामले भी शामिल किए गए है। लोगों में इस सीरिज को देखने की इतनी उत्सुकता है जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि एक दिन में 85 लाख लोगों ने इसका ट्रेलर देखा।**




देश को झकझोर देने वाला चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड पर आधारित डाक्यू सीरिज के ट्रेलर रिलीज होने के बाद अब पूरी सीरिज का इंतजार बढ़ गया है। इस डाक्यूमेंट्री के जरिए खौफनाक साजिश की परतों को जनता के बीच लाने की कोशिश की गई है। राजा रघुवंशी के परिजनों की अनुमति के बाद इसे बनाया जा रहा है। ट्रेलर देख परिजन भावुक नजर आए। उन्होने उम्मीद जताई है कि इसके माध्यम से पूरी कहानी का कडवा सच समाज के सामने आएगा। बताया जा रहा है कि एक फिल्म निर्देशक से भी राजा के परिजनों की बात हुई थी लेकिन फिलहाल यह मामला कोर्ट में चल रहा है इसलिए इसे फिलहाल फिल्म के तौर पर नहीं बनाया जा रहा है। ट्रेलर में राजा-सोनम की शादी के फोटो भी दिखाए गए है जिसके बाद कैसे सोनम रघुवंशी ने पति राजा रघुवंशी को रास्ते से हटाने के लिए खौफनाक साजिश को अंजाम दिया और प्रेमी राज और उसके साथियों के साथ मिलकर राजा की हत्या कर दी। इस डाक्यूमेंट्री में राजा केस के अलावा अन्य चर्चित हत्याकांड भी शामिल किए गए है। डाक्यूमेंट्री के ट्रेलर को जी-5 पर रिलीज किया गया। एक दिन में 85 लाख से अधिक लोगों ने इसे देखा।

### अजब-गजब नगर निगम... ड्रेनेज और जनकार्य विभाग का कमाल

# 25 दिन पहले बनी सड़क को ड्रेनेज लाइन डालने के लिए काटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागों के बीच समन्वय की कमी का परिणाम वर्तमान में भागीरथपुरा दूषित पानी की घटना के रूप में दिखाई दे रहा है जिसने 21 लोगों की जान ले ली है, लेकिन इसके बावजूद भी नगर निगम के निचले स्तर पर समन्वय की कितनी कमी है उसका एक और उदाहरण स्कीम नंबर 94 में सामने आया है। पार्षद, जोन अधिकारी एवं जनकार्य विभाग के इंजीनियर के समन्वय नहीं होने के चलते 25 दिन पहले बनी नई सर्विस रोड को खोद कर ड्रेनेज लाइन जोड़ी गई है। रहवासी इस सड़क बनने के लिए 7 सालों से इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब सड़क बनी तो वह 25 दिन भी सुरक्षित नहीं रह सकी।**

इस मामले में की जानकारी पार्षद संगीता महेश जोशी को भी नहीं है उनका कहना है कि ड्रेनेज लाइन पहले से ही स्वीकृत की गई थी, वीणा नगर मानसरोवर कॉलोनी में ड्रेनेज चौक की समस्या बनी रहती थी इसीलिए नई लाइन डाली गई लेकिन सड़क को काटकर लाइन डाली गई है इसकी जानकारी नहीं है। मामला नगर निगम के जोन क्रमांक 8 और वार्ड 37 का है, वही इस मामले में जोन अधिकारी प्रकाश नागर की जिम्मेदारी समन्वय करने की थी। सभी विभागों के बीच जोन अधिकारी समन्वय करते तो सड़क खुदाई से बच सकती थी। यहां जब ड्रेनेज लाइन डाली जानी थी तो सड़क बनने के पहले ही इस लाइन को ड्रेनेज चैंबर से जोड़ दिया जाता तो सड़क सुरक्षित रहती लेकिन लापरवाही और गैर जिम्मेदारी के चलते नई सड़क की बलि यहां पर ड्रेनेज लाइन डालने के लिए ले ली। वही मामले में नगर निगम जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि यह लापरवाही किस कारण से हुई है इस पर सभी पक्षों से बात की जाएगी। ड्रेनेज विभाग को इस मामले में समन्वयता कायम करना चाहिए था और नई सड़क को खोदने की बजाय वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी थी। शहर में सड़कों के निर्माण एवं सर्विस रोड को दुरुस्त करने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर से भोपाल और दिल्ली तक एक कर दिया लेकिन खामी कितने बड़े स्तर पर नगर निगम में है इसका उदाहरण नई नवेली सड़क को खोदने से समझ आता है। नई बनाई गई सड़क के लिए अब नगर निगम पेचवर्क कराएगा लेकिन इसके लिए 6 महीने तक सड़क को खुदा हुआ ही अफसर पटक देंगे क्योंकि अफसर का तर्क यह होता है कि सड़क या फिर कोई भी खुदाई करने के बाद तत्काल रेस्टोरेशन का काम नहीं किया जा सकता क्योंकि मिट्टी सेटल होने में 6 माह का समय लगता है। मतलब रहवासियों ने 7 सालों तक इस सड़क के निर्माण का इंतजार किया, अब ड्रेनेज लाइन के कारण खुदी सड़क को फिर से बनने का इंतजार करेंगे इसके बाद इस सड़क को कोई और फिर खोद जाएगा।

# इंदौर का तापमान स्थिर, ठंड कायम

## कल रात में भी तापमान परसों की तरह बना रहा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर का तापमान स्थिर हो गया है और ठंड कायम है। कल रात में भी तापमान परसों रात की तरह ही बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार कल रात में इंदौर का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। जब की परसों रात को यह तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस था। इसी तरह से कल का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जब की परसों यह तापमान 28 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान को देखा जाए तो कल और परसों के टेंपरेचर में कोई ज्यादा अंतर नजर नहीं आता है। ठंड का दौर बना हुआ है। दिन के समय पर यह ठंड थोड़ी राहत दे रही है लेकिन सुबह और शाम को तो ठंड इतनी जोरदार पड़ रही है कि व्यक्ति कांप जाता है। इसके साथ ही हवा की गति कमजोर हो गई है। कल शहर में 13 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी जबकि परसों इस हवा की गति 22 किलोमीटर प्रति घंटा की बनी हुई थी। आज सुबह शहर का तापमान 8:30 बजे 10.4 डिग्री सेल्सियस था जबकि कल सुबह इसी समय पर यह तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था। ह्यूमैनिटी की स्थिति में भी सुधार हुआ है। आज सुबह आद्रता 78% थी जबकि कल यह 82% थी। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी इंदौर का मौसम इसी तरह का बना रहेगा। रात का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा। इसके कारण नागरिकों को ठंड का जोरदार एहसास होता हुआ नजर आएगा। मकर संक्रांति का पर्व होने के कारण अगले दो दिनों में हवा की गति में तेजी आ जाएगी। जिसके कारण ठंड का एहसास और थोड़ा बढ़ जाएगा।

# दास बगीची से आज दोपहर निकलेगी चरण पादुका यात्रा

## हेलिकॉप्टर से होगी पुष्पवर्षा, कई जगह स्वागत, अभिमंत्रित रक्षासूत्र भी मिलेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची से आज दोपहर 3 बजे से चरण पादुका यात्रा निकाली जाएगी जो टोरी कार्नर से कैलाश मार्ग होते हुए वापस मंदिर पहुचेंगी। बडी संख्या में स्वागत मंच भी पादुका यात्रा के लिए लगे है। तोरण द्वार भी लगे है, कई दिनों से यात्रा का निमंत्रण दिया जा रहा था। यात्रा पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की व्यवस्था भी यात्रा मार्ग में की गई है। आज की इस महत्वपूर्ण यात्रा के बाद 14 से 20 जनवरी तक जय सियाराम बाबा की प्रतिमा का पाटोत्सव भी मनाया जाएगा। वीरेन्द्र गुप्ता, कैलाश कुसुमाकर, अशोक पटेल, देवेन्द्र पुजारी ने बताया कि चरण पादुका यात्रा के समापन पर आज शाम 6 बजे से बगीची पर महाभंडारे का आयोजन होगा तथा शामिल होने वाले सभी भक्तों को हनुमानजी एवं बगीची पर अभिमंत्रित रक्षा कवच का वितरण भी किया जाएगा। यात्रा में बडी संख्या में कलशधारी और गन्नाधारी महिलाएं रहेगी। भजन, गरबा, शस्त्र कला प्रदर्शन के आयोजन भी होंगे। बाहर से भी श्रद्धालु आएंगे, उज्जैन की भस्म रमैया भजन मंडली, हनुमान ढोल की 71 सदस्यीय टीम, 1 हजार वेदपाठी ब्राह्मण और 101 शंखधारी ब्राह्मण और राम हनुमान के जीवन चरित्र पर केन्द्रित 4 झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 13 जनवरी को रामरामायण मंडल का वार्षिकोत्सव भी मनेगा।

# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में 3 लाख आहुतियाँ





इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बंगाली चौराहा स्थित मैदान पर चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में यज्ञ शाला की परिक्रमा के लिए भक्त पहुंच रहे है। अलसुबह से ही श्रद्धालु पहुंच जाते है। 10 हजार श्रद्धालुओं ने परिक्रमा का लाभ लिया है। 3 लाख आहुतियां हो चुकी है, अभी 12 लाख आहुतियां होना है। देवव्रत पाटीदार, अलकेश सुलिया ने बताया कि संत गरुड़दास महाराज और उनके शिष्य महंत कृष्ण गोपाल दास महाराज के सानिध्य में शनिवार को सुबह 7.30 बजे से याज्ञिक क्रियाएँ प्रारंभ हुई। संध्या को यज्ञ शाला में सभी यजमानों ने महाआरती में शामिल होकर अपने व्यसन छोड़ने का संकल्प भी लिया। संत सुखराम दास महाराज, निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज, बद्रीनाथ धाम से महंत गोविन्ददास, महामंडलेश्वर भरतदास महाराज, फौजी बाबा रामकृपाल दास, हरिद्वार के महंत रामदास, वृंदावन के मनमोहन दास, महंत रघुनाथ दास, महंत विजय दास का सान्निध्य भी धार्मिक आयोजन में मिल रहा है।



## सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास का प्रदर्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं संस्था छवि वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व बेला में दशहरा मैदान पर सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास का आयोजन बडी संख्या में युवाओं की मौजूदगी में किया गया। स्वदेशी वस्तुओं के संकल्प भी लिए गए। गोपाल गोयल, प्रवीण मिश्रा, पंकज फतेहचंदानी, मुकेश ब्रजवासी, संतोष साबू, दादू महाराज, डॉ. भरत रावत, डॉ. अरुण जैन, डॉ. विनीत कोठारी ने अपनी भूमिका निभाई।

## योग टेंपल का सूर्य नमस्कार कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में योगी मनोज गर्ग द्वारा कल 12 जनवरी, सोमवार को प्रातः 7:30 बजे से अपनी अतिविशिष्ट शैली में स्थिरम् सूर्य नमस्कार का निशुल्क आयोजन 13, साजननगर स्थित केंद्र पर किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सीएमई का आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग द्वारा मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल से अनुमति ले कर राष्ट्रीय सीएमई का आयोजन किया गया है । जिसमें पूरे देश से लगभग 290 डॉक्टरों ने पंजीयन करा कर भाग लिया ।पूरे देश के कई राज्यों से फोरेंसिक मेडिसिन विभाग , स्त्रीरोग विभाग तथा मेडिकल ऑफिसर ने भाग लिया । लगभग 70 चिकित्सकों ने ऑफलाइन एवं 220 चिकित्सकों ने ऑनलाइन माध्यम से इस सीएमई से जुड़े। कई विषयों पर चर्चा हुई।



# उपाध्याय की जयंती पर साहित्यिक आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सरोकार साझा मंच द्वारा साहित्यकार एवं विचारक डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिधा शुक्ला एवं शुभांग शुक्ला अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संयोजक महिमा शुक्ला ने 'मेरी नज़र में मेरे पिता' और 'पिता के नाम पत्र' विषय पर प्रस्तुतियाँ आमंत्रित कीं। सुषमा चौरे, संगीता चौहान, करुणा प्रजापति, डॉ. अर्चना त्रिवेदी, निरुपमा त्रिवेदी, डॉ. विद्या पाराशर, मृदुला शर्मा, कृष्णा जोशी, डॉ. वंदना मिश्रा सहित अनेक रचनाकारों ने कविताओं व संस्मरणों के माध्यम से पिता के स्नेह, त्याग और जीवन में उनकी भूमिका को भावुकता से प्रस्तुत किया।

## स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर

इन्दौर। सिंधु सहकारी साख संस्था मर्यादित द्वारा स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन आज स्वामी प्रीतमदास सभागृह साधु वासवानी नगर में किया जा रहा है। चिकित्सक सेवाएं दे रहे है।

# लालाराम नगर क्षेत्र की बस्तियों में आज शाम हिंदू सम्मेलन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तिरुपति नगर-लालाराम क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज अपराह्न 4 बजे से कम्युनिटी हॉल में होगा। हिंदू सम्मेलन के संयोजक अरविन्द नागपाल ने बताया कि सम्मेलन में लालाराम नगर, सेवा सरदार नगर, पद्मावती कॉलोनी, तिरुपति कॉलोनी, गीता नगर, बख्तावर राम नगर एवं नवरत्न बाग सहित आसपास की सभी बस्तियों के हिंदू भाई बहनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन एक स्नेह सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जाएगा। सामाजिक समरसता भोज के साथ आयोजन का समापन होगा।

## काव्य गोष्ठी का आयोजन आज दोपहर से

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रचनाकारों द्वारा आज सूर्यदेव नगर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन कवयित्रि मनीषा व्यास के निज निवास पर दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी। कई कवि, शायर, इस गोष्ठी में सम्मिलित होकर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। जितेन्द्र शिवहरे ने बताया कि अगली काव्य गोष्ठी की रूपरेखा भी बनाई जाएगी।

## जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य की जयंती मनाई



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हंसदास मठ पर महामंडलेश्वर रामचरणदास महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन एवं आरती कर जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की गई। कई संत-महंत, बटुक मौजूद रहे।


ida इन्दौर विकास प्राधिकरण
INDORE DEVELOPMENT AUTHORITY
जहाँ निरन्तर विकास ही लक्ष्य है

निविदा विज्ञप्ति कमांक : 07 /इ.टी./2025–26 दिनांक : 09.01.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य की यह संक्षिप्त निविदा सूचना है, विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं। निविदा प्रपत्र आनलाईन निर्धारित शुल्क भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं।

| अ. क. | पोर्टल टेण्डर कमांक व दिनांक | कार्य का नाम | प्रोजेक्ट की अनुमानित राशि (रूपये में) | अर्नेस्ट मनी (रूपये में) | ऑन लाईन निविदा कय करने की अंतिम दिनांक (सायं 6.00 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DTCP_469796_1 | CONSTRUCTION OF SANT RAVIDAS SANSKAR KENDRA (AHIRWAR SAMAJ) IN FRONT OF BUILDING NO.8 NEHRU NAGAR ROAD NO. 10 INDORE (2ND PHASE) | 42,37,000/- | 50,000/- | 16-01-2026 |

नोटः–निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को केवल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही अपलोड किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
इन्दौर विकास प्राधिकरण, इन्दौर



## कृष्ण जन्मोत्सव का चित्रण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। झलारिया बायपास स्थित रूचि लाइफ स्केप पर चल रहे भागवत कथा में स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने भागवत कथा के रसपान में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का चित्रण किया। कथा 13 जनवरी तक दोपहर 3 से सांय 7 बजे तक होगी।



## भगवा वॉकथॉन व जुंबा, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। निपानिया क्षेत्र में भगवा वॉकथॉन एवं जुंबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वॉकथॉन की शुरुआत ओशन पार्क से हुई, जो स्काई लग्जुरिया तक पहुँची। इसके पश्चात महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक जुंबा सत्र में भाग लिया। जुंबा अभ्यास का संचालन फिटनेस विशेषज्ञ सर्वेश द्वारा किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर मैराथन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की इंदौर शाखा द्वारा आज होलकर कॉलेज भंवरकुआं से सुबह 6 बजे 5 किलोमीटर की मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड मुख्य मार्गो से होती हुई कालेज पहुंची। कालेज और स्कूल छात्रों ने भी शिरकत की। लखनसिंह यादव ने उक्त जानकारी दी।




## दिव्यांग सेवा शिविर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग लगाए जाने के पांच दिवसीय अभियान की शुरुआत कल से केएलए ग्रुप द्वारा किशोरीलाल अग्रवाल की स्मृति में की गई। यह अभियान 14 जनवरी तक जिला दिव्यांग केंद्र परदेशीपुरा परिसर मे चलेगा। चमनलाल डागा, अनूप अग्रवाल ने उक्त जानकारी दी।

# डायमंड ग्रुप द्वारा आयोजित कथा का समापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। डायमंड ग्रुप द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पुंडरीक गोस्वामी के मुखारबिंद से किया गया। कथा का समापन पर कल हवन, पूजन कर पूर्णाहुति की गई। 121 ब्राह्मण मौजूद रहे। प्रसादी का आयोजन भी किया गया।



## जांच शिविर का आयोजन जारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इंदौर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आदेश अनुसार पांच दिवसीय जांच शिविर का आयोजन कल से शुरू हुआ, जो 14 जनवरी तक जिला मुख्यालय नेताजी सुभाष मार्ग में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन से पदाधिकारी जुड़े हुए हैं। कल शिविर का शुभारंभ हुआ, ध्वजारोहण कर कई विषयों पर प्रशिक्षण देकर टेस्ट लिया गया।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह और सम्मेलन के लिए भगवान को निमंत्रण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सभी समाज सर्वधर्म का सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन 25 जनवरी रविवार को किया जाना है। पहला निमंत्रण गणेशजी और गुरु गोरक्षनाथ को मंदिर पहुंचकर दिया गया। महेश गौहर, राहुल निहोरे, सूरज गौहर, विक्की पथरोड, श्यामसुन्दर यादव, गणेश वर्मा, विजय तिलवे, रानू सेन, करणसिंह गोा-लियां, संतोषदेवी गोसर, शकुन कलोसिया, सुलक्षणा पथरोड, उषा जाटव, श्याम अजयपाल, हरीश नागर, बाबूलाल सिरसिया, बालकिशन करोसिया, राजेश मेवाती, सुरेश घावरी, राजेश धौलपुरे, संतोष कल्याणे, सिराज लोयत, प्रवीण, सतपाल, राखी गौहर, राजाराम नकवाल मौजूद थे।





## एक्टिविज़्म के लिए एडिटिंग' विषय पर चर्चा



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एनिमल लिबरेशन कॉन्फ्रेंस इंडिया के दूसरे दिन एनिमल एक्टिविज़्म को डिजिटल माध्यम, मीडिया संवाद, पर्यावरणीय प्रभाव और युवाओं की भागीदारी से जोड़ने पर विशेष फोकस होटल क्राउन पैलेस में रहा। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन इंदौर एनिमल लिबरेशन द्वारा किया जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 170 से 200 एनिमल एक्टिविस्ट, सामाजिक कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक शामिल हुए। दिन के पहले सत्र में 'फुटेज से प्रभाव तकः एक्टिविज़्म के लिए एडिटिंग' विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

## कम्बल का वितरण जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंडियन मॉम्स एनजीओ द्वारा कम्बल वितरण का आयोजन लगातार किया जा रहा है। फुटपाथ, झुग्गी बस्ती और जरूरतमंद परिवार तक पहुंचकर यह कम्बल वितरण का आयोजन 26 जनवरी तक जारी रहेगा। व्हाट्सऐप नंबर 9713348641 पर संपर्क किया जा सकता है।




## टीबी अस्पताल को टीबी दवाओं की जाँच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मनोरमा राजे टीबी अस्पताल में स्थित राज्य स्तरीय आईआरएल को टीबी निदान में उपलब्धि हासिल हुई है। आईआरएल को नई टीबी दवाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन दिया गया है। अब म.प्र. और इंदौर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रणीय भूमिका निभाएगा। अत्यंत महत्वपूर्ण टीबी दवाओं बेडाक्विलिन (बीडीक्यू) और प्रेटोमैनिड (पीटीएम) के लिए लिक्विड कल्चर ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्टिंग (एलसी डीएसटी) करने का राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश ने टीबी के विरुद्ध लड़ाई में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। इंचार्ज डॉ. शैलेन्द्र जैन ने कहा कि इंदौर को नई पीढ़ी की टीबी दवाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन मिलना, हमारे स्वास्थ्य तंत्र की क्षमता, वैज्ञानिक दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## रानी सराय के पेड़ों को बचाने के लिए धरना जारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। रीगल तिराहा स्थित रानी सराय में ब्रिज निर्माण के दौरान पेड़ों की कटाई की जाना है। बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई के चलते जनहित पार्टी द्वारा जनहित में धरना दिया जा रहा है। आज धरना पर बैठने वालों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की है और बकायदा इसका 100 रु. शुल्क भी आज दोपहर 1 बजे से होने वाले भोजन के लिए रखा है। वहीं कल 12 जनवरी को निगम आयुक्त को कटाई रोकने के लिए ज्ञापन भी दिया जाएगा। ज्ञापन के पहले राजवाड़ा अहिल्या प्रतिमा पर एकत्रीकरण होगा, वहां माता को माल्यार्पण के बाद रैली के रूप में नगर निगम सभी पहुंचेंगे। पेड़ और परिंदों को बचाने के लिए इस अभियान के लिए सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार हो रहा है।



## फिजियोथेरेपिस्ट कार्यशाला

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। फिजियोथेरेपिस्ट की कार्यशाला निजी होटल में आयोजित की गई। वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट चिकित्सकों ने जानकारी भी दी। डॉ. टॉम मेयर, डॉ. महेश साहू, डॉ. विक्रम यादव, डॉ. प्रियांशु जोशी, डॉ. अदिति अग्रवाल. डॉ. पूजा गोयल, डॉ. कृति गादिया, डॉ. कृष्णा जलोदिया उपस्थित थे।



## गर्ग का निधन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। समाजसेवी और हनुमानजी के भक्त मुकेश गर्ग के पिता परसराम गर्ग का निधन कल हो गया। उनकी शवयात्रा आज सुदर्शन नगर अन्नपूर्णा रोड से निकलकर रिजनल पार्क मुक्तिधाम पहुंच रही है। कई अग्रवाल समाजजनों के अलावा भी अन्य समाजजनों, व्यापारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे प्रभु वेंकटेश

## गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड स्थित पद्मावती वेंकटेश देवस्थान में चल रहे ब्रह्मोत्सव के तीसरे दिन आज सुबह केशवाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में पद्मावतीजी का अभिषेक किया गया। जिसके बाद गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव शुरू हुआ। बाना भी निकाला गया। इसके साथ ही कल्याण उत्सव भी मनाया जा रहा है। शाम को भगवान वेंकटेश की रथयात्रा मंदिर परिसर से निकलेगी। यात्रा [illegible] कॉलोनी,अंबिकापुरी,60 फीट रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। कल दोपहर में मंदिर में मेहंदी के गीत गाये गए। गोदा महारानी को हल्दी भी लगाई गई। शाम को विशाल दरवाजों से सजे फूल मनमहल में आज प्रभु वैकुंठनाथ वेंकटेश बालाजी के दर्शन हुए।भजन गायक राम हुरकट ने देर रात तक भजनों की प्रस्तुति दी। उक्त जानकारी हरिकिशन साबू भोपूजी, नितिन तापड़िया और कालू सारडा ने दी।

## श्री लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर में आज श्रीगोदा रंगनाथ विवाहोत्सव

**इन्दौर।** श्रीलक्ष्मी वेंकटश देवस्थान छत्रीबाग में आज श्रीगोदा रंगनाथ विवाहोत्सव, कल्याण उत्सव, विवाह उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बारात की तैयारी की जा रही है, वैष्णव भक्त और महिलाएं पहुंच चुके है। द्वारका मंत्री आज भजनों की प्रस्तुति के लिए तैयार है।

# दृष्टिकोण वाद–विवाद प्रतियोगिता होगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** महू श्री वैष्णव बाल मंदिर हाई स्कूल, हाट मैदान, महू–इंदौर में विद्यार्थियों के लिए दृष्टिकोण वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी (शनिवार) को किया जाएगा। यह आयोजन कौशलकुंज – नेस्ट ऑफ स्किल्स एलएलपी के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय 'सोशल मीडिया : वरदान या अभिशाप' रखा गया है, जिसमें प्रतिभागी दो पक्षों 'वरदान एवं अभिशाप' के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी तथा इसका माध्यम हिंदी रहेगा। प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार रखने के लिए चार मिनट का समय दिया जाएगा। राजेश अग्रवाल ने उक्त जानकारी दी।

# ज्ञान सभा का आयोजन होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली द्वारा आगामी 28– 29 जनवरी को इंदौर में मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन किया जा रहा है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय सह संयोजक रामसागर मिश्रा ने बताया कि राज मोहल्ला में आयोजित दो दिवसीय मध्य प्रदेश ज्ञानसभा के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मनमोहन वैध उपस्थित रहेंगे। ज्ञान सभा का प्रथम दिवस मध्यप्रदेश में विद्यालयीन शिक्षा पर केंद्रित रहेगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल आधारित शिक्षण,विकसित भारत के परिपेक्ष में विद्यालयीन शिक्षक विद्यार्थी, पालक और समाज की भूमिका तथा शिक्षा में मातृभाषा के समावेश पर मंथन होगा। ज्ञानसभा के दूसरे दिवस मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा में अनुसंधान नवाचार एवं उद्यमिता, वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु छात्र तैयारी एवं उच्च शिक्षा को व्यावहारिक एवं व्यवसायिक स्वरूप प्रदान करना विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा।



# भोजशाला में बसंत पंचमी पर्व को लेकर आज सर्व हिन्दू समाज की बैठक

## बैठक में तय होंगी अखण्ड पूजा को लेकर रणनीति, दहाड़ेंगे हिन्दू नेता

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भोजशाला मे आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी और आगामी पांच दिवसीय कार्यक्रमों को लेकर भोज उत्सव समिति और हिन्दू संगठनों के तत्वावधान मे सर्व हिन्दू समाज की बैठक आज शाम 7:30 बजे नगर के पार्श्वनाथ जैन धर्मशाला, महात्मा गांधी मार्ग पर रखी गई है। बैठक को लेकर बकायदा पत्रक भी छपाए गए है। इस बैठक मे नगर के सभी समाज के हिन्दू व्यक्ति पहुंचेंगे। इस बैठक मे भोजशाला मे बसंत पंचमी पर्व पर सम्पूर्ण दिन अखण्ड पूजा को लेकर खास चर्चा की जाएगी। भोजशाला में बसंत पंचमी (23 जनवरी) के महोत्सव को लेकर आज की यह बैठक बेहद अहम है। सूत्रों की माने तो इस बैठक से संघ का भोजशाला को लेकर क्या रुख है, वह भी पता चल जाएगा, क्योंकि धार सहित जिलेभर का सम्पूर्ण हिन्दू समाज भोजशाला मामले को लेकर संघ की ओर टकटकी लगाए बैठे है। आज पार्श्वनाथ जैन धर्मशाला में होने वाली इस बैठक मे चर्चा का मुख्य केंद्र 'अखण्ड पूजा' की रणनीति तैयार करना है। 23 जनवरी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्बाध पूजा सुनिश्चित करने पर विचार किया जाएगा। साथ ही उत्सव के दौरान आयोजित होने वाले अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी, इस बैठक मे नगर के सभी समाजों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है ताकि आयोजन को भव्य बनाया जा सके,चूंकि इस बार बसंत पंचमी शुक्रवार को पड़ रही है। इसलिए पूजा के समय को लेकर कानूनी स्थिति असामान्य रहने की उम्मीद है,हालांकि, हिंदू संगठन भोज उत्सव समिति के माध्यम से अपनी मांगों को प्रखरता से रखने की तैयारी में हैं, वही सूत्रों की माने तो इस बैठक मे हिन्दू नेता प्रखर होकर अपनी बातो को




रखेंगे, 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी और शुक्रवार का यह संयोग धार की भोजशाला में स्थिति को काफी संवेदनशील बना रहा है। भोज उत्सव समिति और हिंदू संगठनों ने स्पष्ट किया है कि वे इस बार सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखण्ड पूजा करेंगे और किसी भी स्थिति में परिसर को खाली नहीं किया जाएगा, शुक्रवार के कारण प्रशासन हाई अलर्ट पर है। पूर्व के अनुभवों में प्रशासन ने सुबह पूजा और दोपहर में नमाज़ के लिए अलग-अलग समय तय किया था, लेकिन हिंदू संगठन इस बार पूरे दिन पूजा पर अड़े हुए हैं। आज की बैठक इसी 'अखण्ड पूजा' की रणनीति को अंतिम रूप देने और समाज को एकजुट करने के लिए बुलाई गई है, वही इस बैठक के बाद भोजशाला मे अखण्ड पूजा की लेकर सर्व हिन्दू युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर देगा।

---

**हर साल 9 जनवरी को एनआरआई डे यानि भारतीय प्रवासी दिवस मनाया जाता है। आइए इसी क्रम में जान लेते हैं कि आखिर भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भारतीयों का कितना योगदान है?**

# भारत को किस तरह मालामाल कर रहे NRI

भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के पीछे सिर्फ फैक्ट्रियां, खेत या स्टार्टअप ही नहीं हैं, बल्कि दुनिया के अलग-अलग कोनों में बसे करोड़ों भारतीय भी हैं। ये लोग विदेशों में रहकर जो कमाते हैं, उसका असर सीधे भारत की जेब पर पड़ता है। कभी परिवार के खर्च के लिए भेजा गया पैसा, तो कभी बड़े निवेश के रूप में आई रकम- यही कारण है कि भारत आज आर्थिक झटकों के बीच भी संतुलन बनाए रख पाता है। आखिर देश की GDP में NRI का रोल कितना बड़ा है? आइए जान लेते हैं।



### NRI और भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत रिश्ता

नॉन-रेजिडेंट इंडियन यानी NRI भारत के लिए सिर्फ भावनात्मक जुड़ाव नहीं हैं, बल्कि आर्थिक ताकत भी हैं। विदेशों में काम करने वाले भारतीय हर साल बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इसे रेमिटेंस कहा जाता है। यही रेमिटेंस भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करता है और देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।

### रेमिटेंस से कैसे मजबूत होती है GDP?

भारत दुनिया के उन देशों में शामिल है, जिन्हें सबसे ज्यादा रेमिटेंस मिलता है। अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स के अनुसार, NRI द्वारा भेजा गया पैसा भारत की उउइ का करीब 3इ तक योगदान देता है। यह रकम सीधे तौर पर परिवारों की आमदनी बढ़ाती है। इससे घरों में खर्च बढ़ता है, बाजार में मांग आती है और कारोबार को गति मिलती है।

जब विदेश से पैसा भारत आता है, तो उसका इस्तेमाल शिक्षा, स्वास्थ्य, घर बनाने, गाड़ी खरीदने और रोजमर्रा की जरूरतों में होता है। इससे रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर गुड्स और सर्विस सेक्टर को सीधा फायदा मिलता है। यही घरेलू खपत GDP को मजबूत आधार देती है।

NRI सिर्फ पैसा भेजने तक सीमित नहीं हैं। वे भारत में रियल एस्टेट, शेयर बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप्स में भी निवेश करते हैं। खासतौर पर टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप सेक्टर में NRI निवेशकों की भूमिका तेजी से बढ़ी है। इससे न सिर्फ पूंजी आती है, बल्कि नए रोजगार भी पैदा होते हैं।

NRI द्वारा लगाए गए निवेश से कई नई कंपनियां और प्रोजेक्ट शुरू होते हैं। इससे आईटी, सर्विस, मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन जैसे सेक्टर में नौकरियां पैदा होती हैं। कई बार विदेश में अनुभव हासिल कर चुके भारतीय वापस आकर खुद का बिजनेस शुरू करते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके बढ़ते हैं।

रेमिटेंस और NRI निवेश से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत रहता है। यही भंडार वैश्विक मंदी, तेल की बढ़ती कीमतों या अंतरराष्ट्रीय संकट के समय भारत को सहारा देता है। अर्थशास्त्री मानते हैं कि यही वजह है कि भारत कई बार वैश्विक झटकों को अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से झेल पाया है।

---

# मुस्लिम महिला का नकाब हटवाने पर क्या कानून में भी इसकी कोई सजा है?

कानून साफ कहता है कि किसी भी महिला को उसकी मर्जी के बिना नकाब या कपड़ा हटाने के लिए मजबूर करना अपराध की श्रेणी में आ सकता है। आइए जानें कि क्या इसके लिए कानून में कोई सजा तय की गई है।

हाल के दिनों में बिहार और उत्तर प्रदेश के झांसी की कुछ ज्वेलरी दुकानों में नोटिस लगाए गए हैं। इन नोटिसों में साफ लिखा है कि मास्क, हेलमेट, बुर्का, नकाब या घूंघट पहनकर दुकान में आना मना है। दुकानदारों का तर्क है कि यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है, ताकि चोरी और धोखाधड़ी की घटनाओं को रोका जा सके, लेकिन इसी के साथ यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या इस तरह किसी मुस्लिम महिला का नकाब हटवाना गुनाह है और क्या कानून में इसके लिए कोई सजा है? आइए जानें। भारत में किसी भी महिला को अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार कपड़े पहनने का अधिकार है। नकाब या बुर्का पहनना मुस्लिम महिलाओं की निजी और धार्मिक पसंद का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति या संस्था जबरन महिला से उसका नकाब हटाने को कहती है, तो यह सिर्फ सामाजिक नहीं, बल्कि कानूनी मुद्दा भी बन जाता है। भारतीय न्याय संहिता यानी BNS के तहत किसी महिला का नकाब जबरन हटाना



गंभीर अपराध माना जा सकता है। अगर किसी मुस्लिम महिला से उसकी मर्जी के खिलाफ नकाब हटवाया जाता है, तो इसे महिला की मर्यादा पर हमला और आपराधिक बल का प्रयोग माना जा सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति पर सख्त धाराएं लग सकती हैं।

कानून के मुताबिक, BNS की धारा 74 के तहत यदि किसी महिला पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग उसकी मर्यादा को ठेस पहुंचाने के इरादे से किया जाता है, तो इसमें 1 साल से लेकर 5 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

अगर मामला और गंभीर हो, यानी महिला को निर्वस्त्र करने या उसके कपड़े हटाने का प्रयास किया गया हो, तो धारा 76 लग सकती है, जिसमें 3 से 7 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा, यदि शब्दों, इशारों या किसी हरकत से महिला की गरिमा भंग की जाती है, तो धारा 79 के तहत भी कार्रवाई संभव है, जिसमें अधिकतम 3 साल तक की कैद हो सकती है।

नकाब या बुर्का सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि मुस्लिम महिलाओं के लिए धार्मिक पहचान से जुड़ा विषय है। अगर किसी महिला को सार्वजनिक रूप से नकाब हटाने के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला भी बन सकता है। संविधान का अनुच्छेद 21 हर नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। ऐसे में किसी महिला की निजता और गरिमा का उल्लंघन सीधे-सीधे उसके मौलिक अधिकारों पर असर डालता है। सुरक्षा के नाम पर नियम बनाना दुकानदारों का अधिकार हो सकता है, लेकिन इन नियमों की एक कानूनी सीमा भी है। कोई भी नियम ऐसा नहीं होना चाहिए, जो किसी खास समुदाय या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाए।

## संपादकीय

# कोलकाता में ईडी-सीएम ममता बनर्जी टकराव, आखिर क्यों पैदा होते हैं ऐसे हालात?

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा जहां जांच एजंसी की इस कार्रवाई को कानून के दायरे में बता रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि यह सब राजनीति से प्रेरित है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई में निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से यह जांच एजंसी विपक्षी दलों के निशाने पर है। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर गुरुवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में है। केंद्रीय एजंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा जहां जांच एजंसी की इस कार्रवाई को कानून के दायरे में बता रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि यह सब राजनीति से प्रेरित है। दरअसल, विपक्षी दल लंबे समय से यह आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से केंद्रीय जांच एजंसियों का दुरुपयोग करती है। खासकर ईडी की कार्यप्रणाली को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। ऐसे में जांच एजंसी का भी यह कर्तव्य है कि वह खुद पर लगे आरोपों का विश्लेषण करे और ऐसे हालात पैदा न होने दे कि उसकी किसी कार्रवाई पर सवाल उठे। कोलकाता में छापे के बाद दोनों पक्षों के बीच जिस तरह से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, वह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। तृणमूल कांग्रेस ने ईडी की इस कार्रवाई के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि ईडी के छापे में पार्टी से जुड़े दस्तावेज के साथ विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की सूची जब्त कर ली गई। मगर, इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री किसी केंद्रीय जांच एजंसी की कार्रवाई में इस तरह सीधे हस्तक्षेप कर सकता है? इस तरह के टकराव से बचने के रास्ते तलाशने होंगे।

# आपसी विवाद में युवक पर हमला, रॉड और पाइप से पीट-पीटकर किया अधमरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तुकोगंज थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश और वर्चस्व को लेकर एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। चार आरोपियों ने घेरकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई की और 'बराबरी करने' की बात कहते हुए रॉड व पाइप से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

पुलिस के मुताबिक, वारदात गोमा की फेल में नाले के पास हुई। पीड़ित परशुराम पिता मोहनलाल नायक, निवासी गोमा की फेल, शाम करीब 6:30 बजे वहां से गुजर रहा था। इसी दौरान इलाके के ही मोनू श्रीवास, गोलू श्रीवास, मोहन वर्मा और अक्षत ने उसे घेर लिया। आरोपियों के हाथों में लोहे की रॉड और पाइप थे।फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी पास आते ही चिल्लाने लगे कि 'तेरी इतनी औकात हो गई कि अब तू हमारी बराबरी करेगा?' जब फरियादी ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने एक साथ हमला बोल दिया।

आरोपियों ने लोहे की रॉड से सीधे फरियादी के सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। फरियादी के जमीन पर गिरने के बाद भी आरोपियों का दिल नहीं पसीजा। उन्होंने पाइप और रॉड से उसके दोनों पैरों पर कई वार किए और लात-घूंसों से जमकर पीटा। शोर सुनकर जब लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी यह धमकी देते हुए भाग निकले कि 'आज तो बच गया, अगली बार दिखा तो जान से मार देंगे।' तुकोगंज पुलिस ने फरियादी परशुराम की शिकायत पर आरोपी मोनू, गोलू, मोहन और अक्षत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# नुक्कड़ नाटक से यातायात नियम की अपील

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पलासिया चौराहा पर सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन आम लोगों तक पहुंचे इसके लिए नुक्कड़ नाटक का



आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारी हिन्दूसिंह मुवेल के मार्गदर्शन में टीम के केशव, शालिनी, सचिन, नन्दनी, निक्षय द्वारा यातायात पुलिस के साथ नुक्कड़ नाटक किया गया।

# हंसी-मजाक के बीच खूनी संघर्ष विवाद के बाद युवक का सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

पलासिया थाना क्षेत्र में दोस्तों के बीच चल रही हंसी-मजाक की बातों ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहा-सुनी के बाद एक युवक ने अपने ही परिचित पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना देवी इंदिरा नगर स्थित माताजी मंदिर के पास की है। फारियादी राज पिता जितेन्द्र पंवार अपने दोस्त विनय पवार और अर्जुन के साथ बैठकर आपस में हंसी-मजाक कर रहे थे। इसी दौरान वहां आरोपी अभिषेक पिता कलदार निवासी विनोबा नगर भी खड़ा हुआ था। राज ने पुलिस को बताया कि वे लोग आपस में बात कर रहे थे, तभी अभिषेक ने किसी बात को व्यक्तिगत रूप से लेते हुए विवाद शुरू कर दिया। आरोपी सरेराह गालियां देने लगा। जब राज ने उसे गाली देने से मना किया और शांत रहने को कहा, तो अभिषेक आगबबूला हो गया। उसने पहले लात-घूंसों से मारपीट की और फिर पास ही पड़ा एक भारी पत्थर उठाकर राज के सिर पर मार दिया। पत्थर लगने से राज का सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। दोस्तों ने बीच-बचाव कर उसे हमलावर से बचाया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक की पहचान दीपक परसराम (29 वर्ष) निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। दीपक सांवेर रोड स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में अब तक किसी ठोस विवाद या तनाव की बात सामने नहीं आई है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दीपक के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड व अन्य पहलुओं की जांच कर रही है ताकि खुदकुशी की वजह का पता लगाया जा सके।

# वाहन की टक्कर से मौत

## माली का काम करने वाला घर में अकेला था कमाने वाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस ने उसे अस्पताल पहुंचाने की जुगत की, लेकिन एम्बुलेंस में ही लक्ष्मण पिता मोतीलाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मुहाड़ी, थाना खुड़ैल की मृत्यु हो गई। बताया गया कि लक्ष्मण बगीचों में माली का काम करता था और वह माली के काम के लिए ही आज रविवार को निकला था कि अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। अस्पताल में जब लक्ष्मण को ले जाया गया तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का एक बेटा और बेटी भी है। वह घर में अकेला कमाने वाला था। अब खुड़ैल पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन को ढूंढ रही है।

# बॉल लगने का विरोध करने पर बल्ले से फोड़ा सिर, दो भाई घायल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** बाणगंगा थाना इलाके में खेल के मैदान पर मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। क्रिकेट मैच देखने आए दो भाइयों पर खिलाड़ियों ने बल्ले और लात-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई घायल हुए हैं, जिनमें से एक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना भवानी नगर स्थित विद्या भारती स्कूल के पीछे खेल के मैदान की है। फरियादी मनोज पिता पूरनदास बैरागी और उनका भाई रोहित मैदान किनारे बैठकर मैच देख रहे थे। खेल के दौरान अचानक एक बॉल उछलकर रोहित की कनपटी पर जा लगी। जब भाइयों ने खिलाड़ियों से सावधानी से खेलने को कहा, तो मैदान पर मौजूद आरोपी यश सेन और अंकित शर्मा भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने बल्ले से हमला कर दिया। मनोज ने बताया कि आरोपियों ने क्रिकेट के बल्ले से उसके सिर पर वार किया, जिससे खून निकलने लगा। जब भाई रोहित उसे बचाने आया, तो आरोपियों ने उसे भी बल्ले और लात-घूंसों से जमकर पीटा। सरेराह हुई इस मारपीट के बाद मैदान पर अफरा-तफरी मच गई। हमले के बाद आरोपी वहां से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते उन्होंने दोनों भाइयों को धमकी दी कि 'अगर दोबारा हमसे उलझे, तो जान से खत्म कर देंगे।'

# वाहन से कट मारने को लेकर मारपीट

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में वाहन से कट मारने को लेकर हुए विवाद में फरियादी के साथ आरोपी ने मारपीट कर दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक विवाद लक्ष्मणपुरा में किराना दुकान के सामने हुआ। पुलिस ने फरियादी दुर्गाप्रसाद पिता पूनमचंद सुनानिया निवासी गोमती नगर की रिपोर्ट पर आरोपी पप्पू पिता दिनेश पवार निवासी लक्ष्मणपुरा कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मेरी बहन के घर के सामने रहने वाला आरोपी अपनी गाड़ी तेज चलाकर मुझे कट मारते हुए निकला। मैंने उससे बोला कि भाई, गाड़ी देखकर चलाओ। इसी बातपर उसने मारपीट की और कहा कि यहां से चला जा नहीं तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# किराए पर कार लेकर बनाए फर्जी दस्तावेज, फिर बेच दी

## 10 लाख किराया भी हड़पा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक आरोपी ने 'कार रेंटल' कंपनी से किराए पर वाहन लिया, लेकिन बाद में फर्जी दस्तावेज तैयार कर खुद को मालिक बताया और गाड़ी को अन्य लोगों को बेच दिया। आरोपी ने न केवल कार हड़पी, बल्कि लाखों रुपये का किराया भी डकार लिया।

पुलिस के मुताबिक, धोखाधड़ी की यह वारदात स्कीम नंबर 78 निवासी प्रीतम पिता कमलेश कुशवाह के साथ हुई। प्रीतम 'श्री बागेश्वर कार रेंटल' कंपनी संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी अंजन पिता मोहन श्रीवास्तव निवासी नवलखा कॉम्प्लेक्स ने 10 अगस्त 2025 को उनसे कार किराए पर ली थी। अनुबंध के अनुसार, आरोपी पर अब तक 10 लाख 35 हजार रुपये की किराया राशि बकाया हो चुकी है।?जब प्रीतम ने आरोपी से बकाया राशि मांगी और वाहन ऑफिस में जमा करने को कहा, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। संदेह होने पर जब प्रीतम ने गाड़ी की लोकेशन का पता लगाया, तो उनके होश उड़ गए। जांच में पता चला कि अंजन ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर खुद को वाहन का असली मालिक बताया और गाड़ी को अलग-अलग लोगों के पास गिरवी रख दिया या बेच दिया। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी प्रीतम की शिकायत पर आरोपी अंजन श्रीवास्तव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आज होगा विजेता का फैसला, दिल्ली व मुंबई के मध्य खिताबी भिड़ंत

**इंदौर।** सेन्ट्रल जिमखाना क्लब की मेजबानी में आयोजित प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन स्मृति अखिल भारतीय मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा में इंदौर के हजारों दर्शकों को रोमांचक खेल की दावत मिली, खचा-खच भरें नेहरू स्टेडियम में सी.आई.एस.एफ. दिल्ली ने यंग हीरोज क्लब बनारस को 1-0 से तथा जी.ए.एन.सी. मुंबई ने राजस्थान इलेवन जयपुर को 3-2 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में अपना स्थान सुनिश्चित किया। खिताबी मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। विजेता टीम को 1 लाख तथा उपविजेता टीम को मोयरा गोल्ड कप के साथ 50 हजार रुपए की इनामी राशि वितरीत की जाएगी।

कल खेले गए पहले सेमीफाइनल में सी.आई.एस.एफ. दिल्ली ने अपनी ख्याती के अनुरूप दमदार प्रदर्शन करते हुए यंग हीरोज क्लब बनारस को कड़ी टक्कर दी । मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने उच्च स्तर का खेल का प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम जहां छोटे-छोटे पास के जरिए शानदार मूव बना रही थी, तो वहीं यंग हीरोज क्लब आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर रही थी। इस मैच में बनारस का खेल काफी रफ रहा और उसे एक रेड कार्ड भी दिखाया गया। बनारस के डी पर एक फाउल हुआ और रैफरी ने दिल्ली को इस फाऊल के स्वरूप पेनल्टी प्रदान की। जिसमें 40वें मिनट में संतोष ने गोलकीपर को चकमा देते हुए गेंद को जालियों में समा दिया। मध्यांतर तक दिल्ली की टीम 1-0 से आगे थी। दूसरे हॉफ में भी बनारस ने वापसी के काफी प्रयास किए और रैफरी ने रफ खेल के कारण बनारस के खिलाड़ियों को चेतावनी भी दी। दिल्ली की टीम लगातार बेहतर तालमेल से उम्दा खेल का प्रदर्शन कर रही थी। रैफरी की अंतिम सिटी बजने पर दिल्ली की टीम 1 मात्र गोल से बाजी अपने कर चूकी थी।



स्पर्धा का दूसरा सेमीफाइनल जी.ए.एन.सी. मुंबई ने राजस्थान इलेवन जयपुर के मध्य खेला गया । यह मुकाबला इस स्पर्धा का सबसे रोमांचक व संघर्षपूर्ण था। 15वें मिनट में आशीष ने गोल दागकर मुंबई को 1-0 से आगे कर दिया। जवाब में जयपुर ने भी पलटवार करते हुए सचिन द्वारा 29वें मिनट में दागे गए गोल से मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। 36वें मिनट में दानिश ने गोल कर जयपुर की बढ़त को 2-1 कर दिया। मध्यांतर के बाद खेल में और तेजी आ गई और राष्ट्रीय स्तर के सितारे हिमांशु पाटील ने 70वें मिनट में चार खिलाड़ियों को छकाते हुए मुंबई के लिए गोल दागकर मुकाबले को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक यहीं स्कोर रहा। हजारों दर्शकों की मांग पर दोनों टीमों को नतीजे के लिए अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें हिमांशु पाटील ने 22 गज की दूरी से एक और गोल दागकर मुंबई को न सिर्फ 3-2 से जीताया, बल्की फाइनल का टिकट भी पक्का करा दिया। इस मैच में राजस्थान के गोलकीपर की दाद देना होगी, जिन्होंने 5-6 सुंदर बचाव भी किए।

विभिन्न मैचों के दौरान प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, विष्णु बिंदल, रमेश मूलचंदानी, संजय लुणावत, जितेंद्र गर्ग, राजेश चौकसे, मनोहर धवन, गिरधर नागर व प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया, हुकुम सोनी, राजेंद्र बड़ेरिया, भारत मथुरावाला, मोहन कप्तान, पिल्लू कौशल, अतुल गोयल, अजय बड़जात्या, मनोज काला, गिरधर कांकाणी, शरद गोयल, संजय विजयवर्गीय, पारस जैन, अजय रावका, महेंद्र सिंह कोचर व बसंत तापड़िया मौजूद थे।

# गुंडा टैक्स न देने पर युवक पर चाकू से हमला

## इलाके में रहना है तो देने होंगे 10 हजार महीना

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सरेराह 'गुंडा टैक्स' मांगने और न देने पर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो बदमाशों ने एक युवक को रोककर शराब-मुर्गे के लिए पैसों की मांग की और इनकार करने पर चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना वीर सावरकर नगर निवासी गोपाल पिता मुकेश चौहान के साथ हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने काम से जा रहा था, तभी हरिजन कॉलोनी के पास उसे इलाके के दो बदमाश राजेश घावरी उर्फ छू और धनराज उर्फ धन्नू दौडिया मिले। बदमाशों ने बिना किसी बात के फरियादी को रोका और गालियां देना शुरू कर दिया। आरोपी राजेश उर्फ छू ने उसकी गर्दन और बाल पकड़ लिए, जबकि धनराज उर्फ धन्नू ने चाकू निकालकर उसे धमकाया।बदमाशों ने फरियादी से कहा कि 'अगर तुझे इस इलाके में रहना है, तो हमें हर महीने 10 हजार रुपये गुंडा टैक्स देना होगा।' इसके साथ ही उन्होंने तुरंत 'दारू-मुर्गा' पार्टी के लिए 2 हजार रुपये की मांग की।?जब फरियादी ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो बदमाश हिंसक हो गए। आरोपी राजेश उर्फ छू ने अपने हाथ में पहना भारी कड़ा फरियादी के सिर पर दे मारा, जिससे वह लड़खड़ा गया। इसके बाद दोनों आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू निकाले और फरियादी के दोनों पैरों की जांघों पर वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# उधारी का विवाद : नाबालिग के दोनों पैर में घोंपे चाकू

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में उधारी के पैसों को लेकर नाबालिगों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने जेब से चाकू निकालकर एक 16 वर्षीय किशोर पर हमला कर दिया और उसके दोनों पैरों की जांघों पर वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, यह वारदात प्रोफेसर कॉलोनी स्थित गोल रोटी रेस्टोरेंट के सामने खाली मैदान में शनिवार रात करीब 8:30 बजे हुई। घायल किशोर, जो काछी मोहल्ला का रहने वाला है, अपने साथियों के साथ खड़ा था। तभी वहां दो आरोपी पहुँचे और उधारी के पैसों की मांग करने लगे। घायल किशोर ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके साथी से उधार दिए गए पैसे मांग रहे थे। जब उसके साथी ने कहा कि वह पेमेंट कुछ समय बाद कर देगा, तो आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे। जब किशोर और उसके दोस्तों ने गाली देने से मना किया और उन्हें शांत करने की कोशिश की, तो एक आरोपी ने तैश में आकर अपनी जेब से चाकू निकाल लिया। आरोपी ने किशोर पर ताबड़तोड़ हमला करते हुए उसके दोनों पैरों की जांघों पर चाकू मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले, लेकिन जाते-जाते उन्होंने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। जूनी इंदौर पुलिस ने घायल नाबालिग की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# इच्छित और अजय की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**इंदौर।** अजय स्वामी और इच्छित गढ़पाले ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए इट्ठल दास स्मृति मध्य प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। स्पर्धा के अधिकांश वर्गों में इंदौर के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाया।

मध्य प्रदेश टेनिस संगठन के तत्वावधान में इंदौर रेसीडेंसी क्लब में आयोजित स्पर्धा में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। स्पर्धा में शनिवार को पुरुष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में अजय स्वामी और इच्छित गढ़पाले की जोड़ी ने रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज की। इस जोड़ी का सामना प्रफुल्ल और सुरनवीर सिंह की जोड़ी से था। पहला सेट अजय और इच्छित की जोड़ी ने आसानी से 6-1 से जीता, लेकिन दूसरे सेट में मुकाबला काटे का रहा। दूसरे सेट में दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे की दो-दो सर्विस ब्रेक की। इसके बाद खेल सुधारते हुए अपनी सर्विस होल्ड की। अजय और इच्छित ने खेल का स्तर सुधारते हुए बेहतर वॉली खेली। निर्णायक क्षणों पर पहली सर्विस पर अंक हासिल किया। कुछ समय पहले इंदौर में ही खेले गए 700 रैंकिंग पाइंट की स्पर्धा में भी इस जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया था। दूसरा सेट से 7-6 से जीता। इसमें टाइब्रेकर का स्कोर 12-10 रहा। पुरुष युगल वर्ग के अन्य मैचों में माधव पाटीदार और सूर्यांश यादव की जोड़ी को सनी और प्रथमेशराजे सिलावट को हराने में पसीना बहाना पड़ा। माधव और सूर्यांश ने यह मैच 9-8 से अपने नाम किया। नील गौड़ और भावेश गौर की जोड़ी ने मनीष सिरकर और सिद्कप्रीत की जोड़ी को 6-0, 6-0 से हराया। मनन राजन और रोहन एन. ने नितिन जैन व दक्ष जैन की जोड़ी को 6-3, 6-3 से सीधे सेटों में पराजित किया।



महिला एकल क्वार्टर फाइनल में सभी मैच एकतरफा रहे। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सारा यादव अपना जोरदार फार्म जारी रखते हुए जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाई सारा का मुकाबला रेवा मलिक से था और उन्होंने यह मैच 6-0, 6-0 से अपने नाम किया। अन्य मैचों में इंसियाह महूवाला ने भी आसान जीत दर्ज करते हुए निकिता यादव को 6-0, 6-0 से पराजित किया। गणेशी आन्या ने सोनिया को 6-0, 6-0 से हराया और इसी स्कोर से आन्या चौबे ने मनु को पराजित किया।

# देशभर के नामी बॉडी बिल्डर्स आए, खिलाड़ियों के वजन और प्री-जजिंग इवेंट आज होगा

**इंदौर ।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद मि. इंडिया फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग एवं मेन फिजिक प्रतियोगिता में आज देशभर के खिलाड़ी इंदौर आ रहे है। लेक व्यू गार्डन में खिलाड़ियों के वजन और प्री-जजिंग का इवेंट होगा। सोमवार 12 जनवरी की शाम को राजवाडे पर फाइनल राउंड खेला जाएगा। जहां देश भर से आए श्रेष्ठ बॉडी बिल्डर अपनी मांसपेशियों की कला से शहरवासियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। म.प्र. बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, रितेश विरांग, मोहन सिंह राठौर ने बताया कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को लेक व्यू गार्डन में की गई है। यहीं पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और उसके बाद वजन और हाईट चेकिंग होगी। दोपहर 3 बजे से प्री-जजिंग प्रतियोगिता होगी, जिसके तहत 12 जनवरी को फाइनल खेलने वाले बॉडी बिल्डरों का चयन होगा। देशभर से कुल 300 खिलाड़ी और 100 से ज्यादा ऑफिशियल आ रहे है।

# मजाक-मजाक में भाई के हाथ से भाई को लगा चाकू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर में रहने वाले गणेश ने मजाक-मजाक में अपने बड़े भाई हर्ष को चाकू मार दिया। चाकू की नोक ज्यादा लगने से परिजन हर्ष को तत्काल एमवाय लेकर पहुंचे। दोनों भाइयों की बहन भी इस दौरान मौजूद थी, जो ससुराल से मायके आई हुई थी, हंसी-मजाक के चलते हलके विवाद में आवेश में आकर गणेश ने चाकू उठा लिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मामले को दबाने की कोशिश भी की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि उनके पास अभी कोई जानकारी नहीं आई है।

# बैठे-बैठे आया अटैक गिरा और मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के दाल मिल में काम करने वाले मजदूर रामकानी पाल सिंह पिता विजय राजपाल उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मालीखेड़ी को काम के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ा तो वह कुर्सी पर बैठ गया, लेकिन वह ज्यादा देर नहीं बैठ सका और वह गिर गया। दाल मिल में काम करने के दौरान ही अटैक आया और वह गिर कर बेसुध हुआ। दाल मिल में काम कर रहे अन्य कर्मियों ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रामकानी पाल को मृत घोषित कर दिया। इधर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस खुड़ैल ने मर्ग कायम कर शव को एमवाय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली कार्मिकों के खेल महोत्सव का शुभारंभ

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि खेल मानव जीवन के सम्पूर्ण विकास के लिए बहुत आवश्यक हैं।

सिंह पोलोग्राउंड स्थित मैदान में शनिवार को तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खेल



महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। महोत्सव में बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी, वालीबॉल समेत 9 खेलों के मुकाबले में 400 कर्मचारी व अधिकारी भाग ले रहे हैं। पहले दिन कबड्डी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, वालीबॉल आदि के मुकाबले खेले गए। शुभारंभ अवसर पर अधिकारी प्रकाश सिंह चौहान, एसएल करवाड़िया, एसआर बमनके, एससी वर्मा उपस्थित थे।

# माइक्रो मिट्टी व सिंबायोटेक की उम्दा जीत




**इंदौर।** एरिना बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित एवं माइक्रो मिट्टी द्वारा प्रायोजित एरिना प्रीमियर लीग (एपीएल) बैडमिंटन टूर्नामेंट में कशमकश मुकाबले देखने को मिल रहे है। दूसरे दिन हुए मुकाबलों में माइक्रो मिट्टी टीम ने ओलंपस टीम को 5-2 से तथा एक कड़े मुकाबले में सिंबायोटेक ने सैम टाइगर्स टीम को 4-3 से हराया।

स्कीम नंबर 78 फेस -2 के एरिना स्पोर्ट्स क्लब में खेले जा रहा इस टूर्नामेंट में प्रदेश के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके बैडमिंटन खिलाड़ी अपने बेहतरीन खेल की बदौलत इस टूर्नामेंट को विश्वस्तरीय बना रहे है।

मुकाबलों में माइक्रो मिट्टी टीम ने ओलंपस टीम को रोचक अंदाज में 5-2 से हराया। माइक्रो मिट्टी टीम के लिए विशाल, निहार, हर्ष आराध्य, राशि, कमलेश, सचिन, जयदेव, आकाश, शेरी ने उम्दा खेल दिखाया।

वहीं दूसरे मुकाबले में सिंबायोटेक ने कड़े मुकाबले में सैम टाइगर्स टीम को 4-3 से मात दी। सिंबायोटिक की ओर से अंशुल, अक्षय, वत्सल, अमित, पलाश, वत्सल, अमित, करण, रवि, विशेष ने शानदार खेल दिखाया और अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं सैम टाइगर्स के लिए डॉ. अर्पित व मोनिका खंडेलवाल ने रोमांचक मुकाबले में सिंबायोटेक की जोड़ी प्राची व शुभम को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में पराजित किया।

## सारांश के दोहरे शतक से इन्दौर कोल्ट्स सेमीफायनल में

**इंदौर।** एमपीसीए ए ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर कोल्ट्स एवं राउ क्लब के मध्य दो दिवसीय क्वार्टर फायनल मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 83 ओवरो में 6 विकेट के नुकसान पर 416 रन बनाकर पारी समाप्ती घोषणा की । सारांश भार्गव ने आक्रामक दोहरा शतक 253 रन 27 चौके एवं 9 छक्के तथा प्रखर काग ने 75 रनों का योगदान दिया। सूरज यादव ने 3 विकेट लिए । जवाब में राउ क्लब ने अपनी पहली पारी में 29 ओवरों में सभी विकेट खोकर 109 रन बनाए । इस तरह इंदौर कोल्ट्स ने पहली पारी में 306 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । हर्ष सोनी ने 5 विकेट लिए । इंदौर कोल्ट्स ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 135 रन बनाये। पीयूष द्विवेदी ने 68 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए राउ क्लब 94 रनों पर सिमट गई और यह मैच 348 रनों के विशाल अंतर से हार गई । जयंत गुर्जर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं अभिषेक यादव ने 4 विकेट लिये







# 17 वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा आज से

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17 वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा आज 11 जनवरी से अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में शुरू होगी। स्पर्धा में 9, 11, 13, 15 और 17 वर्ष बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले हैं। सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने बताया कि आज मुकाबले अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी के तीन कोर्ट्स पर दोपहर 1 बजे से शुरू होंगे। पहले दिन 13,11और 9 वर्ष आयु के बालक और बालिका वर्ग के पहले और दूसरे दौर के एकल मुकाबले खेले जाएंगे, 15और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल एवं सभी वर्गों के युगल मुकाबले 13 जनवरी से शुरू होंगे, जिसके लिए प्रविष्टियां 12 जनवरी तक स्पर्धा सचिव धर्मेश यशलहा को दी जा सकती हैं। स्पर्धा में आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

# दो दिवसीय फिटनेस और खेल का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में कार्य करने वाले सभी अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण वर्ष भर विभिन्न मानसिक गतिविधियों में संलग्न रहते हैं.. ऐसे में उन्हें भी रिफ्रेश होने के लिए गतिविधि का आयोजन होना चाहिए इसी को ध्यान में रखते हुए विगत 5 वर्षों से सभी के लिए खेल गतिविधि के माध्यम से शारीरिक फिटनेस एवं ऊर्जा हेतु क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है.. इस वर्ष भी इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारीगण,शिक्षकगण एवं कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए माँ अहिल्या कप 2026 का शुभारंभ विश्वविद्यालय के खेल मैदान खंडवा रोड पर शुक्रवार को उत्साह के साथ हुआ। आज भी आयोजित हो रहे इस क्रिकेट टूर्नामेंट में आज दो सेमीफाइनल के साथ फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 10 ओवर का होगा। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

# यंग नेशनल क्लब अंतिम आठ में



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईडीसीए के तत्वावधान में रीना गौड क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आयोजित ग्रेड एकदिवसीय क्रिकेट स्पर्धा मे यंग नेशनल क्लब ने देवस् टाइगर क्लब को 106 रनो से हरा कर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। यंग नेशनल क्लब ने पहले बल्ले बाज़ी करते हुऐ 37.2 ओवर मे 223 रन बनाये.यंग नेशनल क्लब की ओर से अलतमश खान ने 59, मोइज़् खान ने 36 तथा नफ़ीस शेख ने 27 रनो का योगदान दिया.देवस् टाईगर की ओर से हरीश तिवारी एवं वरुण गोहर ने 3-3 विकेट लिए. जवाब मे देवस् टाईगर 29.1 गेंद मे 117 रन ही बना पाई. देवस् टाईगर की ओर से वरुण गोहर ने 21 तथा ध्रुव चौधरी ने 16 रन बनाये. यंग नेशनल क्लब की ओर से एम अशरफ खान फरहान साहिल और अल फैज़ ने 2-2 विकेट लिए।

# मेवरिक्स, रैंपेज, टीम वर्जन व दीप फाइनेंस सेमीफाइनल में

**इंदौर ।** इंदौर कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज एसोसिएशन, यशवंत क्लब तथा होलकर ब्रिज ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ब्रिज महासंघ के तकनीकी मार्गदर्शन में 20वीं महाराजा यशवंतराव होलकर राष्ट्रीय ब्रिज प्रतियोगिता के तहत खेली जा रही स्विस लीग डुप्लीकेट टीम स्पर्धा में मेवरिक्स, रैंपेज, टीम वर्जन व दीप फाइनेस ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

यशवंत क्लब के स्मैश हॉल में हो रही इस स्विस लीग डुप्लीकेट टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में



विदेशी खिलाड़ियों से सजी मुंबई की मेवरिक्स टीम ने टीम वीलो को आसानी से 91-36 से पराजित किया। वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल में टीम बर्जन ने मजबूत मानी जाने वाली टीम श्री सीमेंट को 89-42 से पराजित कर स्पर्धा से बाहर कर दिया। वहीं रेमपेज टीम ने बोल्ड प्ले टीम को रोचक मुकाबले में 89-73 से मात देकर अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित किया। दीप फाइनेस ने धामपुर शुगर मिल्स को हराकर बड़ा उलटफेर किया। दीप फाइनेस ने यह मुकाबला 86-47 से अपने नाम किया।

राष्ट्रीय होलकर पेयर ब्रिज स्पर्धा के चार राउंड के बाद बंगाल के गोपीनाथ मन्ना व देवब्रत मुजुमदार की जोड़ी 123 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रही थी। वहीं बंगाल के ही सुकांता दास व भास्कर सरकार की जोड़ी 111 अंकों के साथ दूसरे, महाराष्ट्र के मैरिएन कर्माकरकर व आर अंबाजागन की जोड़ी 109 अंकों के साथ तीसरे, महाराष्ट्र के ही अरुण बापट व अजय पी. खरे की जोड़ी 102 अंकों के साथ चौथे, बंगाल के प्रसन्नजीत मन्ना व प्रसून मुखोपाध्याय 102 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर चल रहे थे।

# प्रकाश क्लब के हर्ष मध्य प्रदेश टीम में चयनित



**इंदौर।** प्रकाश हॉकी क्लब के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हर्ष यादव का चयन मध्य प्रदेश शालेय हॉकी टीम में किया गया है। क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 69वीं राष्ट्रीय शालेय (अंडर-19) हॉकी स्पर्धा राजस्थान के शहर उदयपुर में 12 से 17 जनवरी तक खेली जाएगी। स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली मध्य प्रदेश की टीम का तैयारी शिविर ग्वालियर में आयोजित किया गया है। शिविर में समग्र प्रशिक्षण के बाद टीम उदयपुर रवाना होगी। चयनित टीम में हर्ष इंदौर से एकमात्र खिलाड़ी हैं। वे टीम में गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगे। अपने बेहतर खेल कौशल के सहारे प्रदेश टीम में चयनित होते हुए शहर का मान बढ़ाने पर क्लब के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उन्हें सम्मानित किया। हर्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मीररंजन नेगी, एनआइएस कोच अशोक यादव से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस दौरान वरिष्ठ सरवर खान, शैलेंद्र वर्मा, डॉ. रफीक खान, श्रीकांत बोरकर, मकसूद कवर, केएस कपासिया और प्रथमेश राजे सिलावट भी उपस्थित थे।

# महाकाल दर्शन करने जा रहा परिवार हादसे का शिकार

## कनाड़िया ब्रिज पर डंपर में घुसी कार दंपती और बेटा घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कनाड़िया थाना क्षेत्र में रविवार अलसुबह एक सड़क हादसा हो गया। नासिक से उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रहा एक परिवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। कनाड़िया ब्रिज पर एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी और उनका बेटा घायल हो गए, जबकि डंपर चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया।**



हादसा सुबह करीब 6 बजे का है। प्रत्यक्षदर्शियों और कार चालक के मुताबिक, एक आयशर वाहन अचानक ओवरटेक करते हुए डंपर के सामने आ गया था। डंपर को बचाने के चक्कर में चालक ने पूरी ताकत से ब्रेक लगा दिए। डंपर के अचानक रुकने के कारण पीछे चल रही अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सीधे डंपर के पिछले हिस्से में जा घुसी। कार में सवार सभी लोग नासिक के रहने वाले हैं। घायलों की पहचान निलेश वाकले, उनकी पत्नी मेघा वाकले और बेटे अंशु के रूप में हुई है। गनीमत रही कि कार में सवार बेटी माही और चालक हर्षद बालेकर सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने 'जननी एक्सप्रेस' की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया। डॉक्टरों के अनुसार, निलेश के सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं मेघा का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। परिवार शनिवार रात नासिक से किराए की कार लेकर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए निकला था, लेकिन इंदौर पहुँचते ही वे हादसे का शिकार हो गए। कार चालक हर्षद ने पुलिस को बताया कि डंपर चालक ने अत्यंत लापरवाही से अचानक ब्रेक लगाए थे, जिससे कार को नियंत्रित करने का मौका नहीं मिला।

## घर के बाहर बुलाकर महिला को पत्थर से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरा नगर थाना क्षेत्र में देर रात एक महिला के साथ मारपीट और हमले की वारदात सामने आई है। एक सिरफिरे आरोपी ने महिला के घर पहुँचकर हंगामा किया और बाहर निकलने पर पत्थर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना आदिनाथ नगर की है। फरियादिया रीना पति ओमप्रकाश यादव ने बताया कि रविवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान आरोपी मनीष पिता रमेश टकले निवासी मिलन होटल के पीछे उसके घर पहुँचा और जोर-जोर से दरवाजा पीटने लगा। रीना ने जब दरवाजा नहीं खोला, तो आरोपी बाहर खड़े होकर गालियां देने लगा और चिल्लाकर बोला कि 'घर से बाहर निकल'। जैसे ही महिला बात करने के लिए गेट खोलकर बाहर आई, आरोपी मनीष ने उन पर हमला कर दिया। आरोपी ने पहले हाथ-मुक्कों से मारपीट की और फिर पास ही पड़ा एक भारी पत्थर उठाकर महिला को मार दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। महिला की चीख-पुकार और शोर सुनकर जब आसपास के पड़ोसी इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी वहां से भाग निकला।



## बजरंग दल ने पकड़ी 10 गौवंश से भरी गाड़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रचार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि बजरंग दल आम्बेडकर नगरी कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि एक वाहन में 10 गौवंश ले जाए जा रहे हैं। जानकारी के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वाहन का पीछा किया और जब वाहन चालक परिचालक को आभास हुआ कि कोई पीछा कर रहा है, तो उन्होंने गाड़ी महू न्यायालय के समीप रोकी और वहां से ड्रायवर-कंडक्टर वाहन छोड़कर फरार हो गए। बजरंगियों ने गाड़ी की जांच की तो उसमें 10 गौवंश ठूंस-ठूंसकर भरे पाए गए। तत्काल बजरंगियों ने इसकी जानकारी महू थाना पुलिस को दी और वाहन को महू थाना ले जाया गया। शुभम ठाकुर ने कहा कि जल्द ड्रायवर और कंडक्टर को भी पुलिस गिरफ्तार करें। गाड़ी अभी थाना पर खड़ी है और गौवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की बात भी कही गई। गाड़ी के आगे के कांच भी फ़ूटे नजर आए, किसने फोड़े इसकी पुष्टि नहीं हुई।

# रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चोरी का माल बेचने की जुगत में धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



### जीआरपी पुलिस को मिली सफलता, माल बरामद

जीआरपी थाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए अपनी सतर्कता दिखाई, कल पुलिस ने एक संदिग्ध युवक सौरभ को पूछताछ के लिए रोका, जो रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चोरी का कैमरा व लैपटॉप बेचने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी से पूछताछ के बाद अलग-अलग प्रकरणों में चोरी किए गए मोबाइल, बैग, कैमरा, लेपटॉप, पेनड्राइव, चार्जर सहित अन्य सामान करीब 1 लाख 96 हजार का जब्त किया गया। जीआरपी थाना के मुताबिक आरोपी बाालेग है और वह पूर्व में भी चोरी की घटना में लिप्त था, ऐसा पुलिस ने बताया और उस पर बीएनएस से संबंधित धाराओं में प्रकरण भी दर्ज किया।

## हत्या का आरोपी खटकेदार चाकू के साथ गिरफ्तार

### बड़ी वारदात की फिराक में था बदमाश

**इंदौर।** पलासिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सांवरिया पार्क के पास से एक शातिर बदमाश को धारदार खटकेदार चाकू के साथ दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त रहा है। पलासिया थाना प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के 'शैडो एरिया' में लगातार सर्चिंग की जा रही थी। हाल ही में पुलिस द्वारा ली गई मोहल्ला मीटिंग के दौरान नागरिकों ने जिन संदिग्ध स्थानों की जानकारी दी थी, पुलिस वहां औचक भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान सांवरिया पार्क के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया।?पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा और पूछताछ की। तलाशी लेने पर



उसकी जेब से एक अवैध धारदार खटकेदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सत्यम पिता पूनमचंद बोरासी, निवासी बड़ी ग्वाल टोली के रूप में हुई है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि आरोपी सत्यम एक आदतन अपराधी है उस पर थाना तुकोगंज में हत्या जानलेवा हमले का गंभीर मामला दर्ज है। इसके अलावा थाना तिलक नगर में भी उसके खिलाफ मारपीट के कई प्रकरण दर्ज हैं। पलासिया पुलिस की इस सतर्कता से निश्चित ही क्षेत्र में होने वाली किसी बड़ी वारदात को समय रहते टाल दिया गया है। पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की नीयत से हथियार लेकर घूम रहा था। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।



## फ्री की मिठाई मांगने वालों का पुलिस ने निकाला जुलूस

### क़ल सुबह परिजनों ने किया था 60 फीट रोड पर चक्काजाम, शाम को पुलिस ने पकड़े आरोपी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित कृष्णा डेरी पर शुक्रवार रात बदमाशों ने डेरी संचालक और उनके बेटे पर हमला बोल दिया था। बदमाश फ्री में मिठाई लेने पहुंचे थे, जिसका डेरी संचालकों ने विरोध किया तो बदमाश ने मारपीट शुरू कर दी। डेरी संचालक मोहनलाल गुर्जर को उस्तरा दे मारा था, वहीं उनके बेटे अंकित और नितिन से भी मारपीट की। इस मामले में अंकित की शिकायत पर पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। कल सुबह क्षेत्रीय रहवासी, व्यापारी और समाजजनों ने बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चक्काजाम किया था, जिसके बाद कल शाम को पुलिस ने बदमाश सुजल बारसे, सौरभ बारसे, मयंक पाखरे और योगेश बारसे को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों का 60 फीट रोड पर जुलूस निकाला। फ्री में मिठाई मांगने वाले बदमाश कान पकड़कर पुलिस से राहत मांगते नजर आए।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।